RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www. bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 6 , अंकः175, गुरुवार, 03 जुलाई 2025 मूल्यः 5:00, पृष्ठः 8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



क्या 'व्यूज' और 'लाइक्स' के लिए बिगाड़ी जा रही सामाजिक समरसता 03



हार्डवेयर व्यवसायी कामता मिश्रा गोली कांड का मुख्य शूटर गिरफ्तार 04

पलक तिवारी ने मॉरिशस वेकेशन से शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें, फैंस हुए... 07

## आप सभी साधारण कार्यकर्ता नहीं हैं, स्वर्णिम बिहार के निर्माता हैं : राजनाथ सिंह

- राज्य कार्यकारिणी की बैठक में बोले राजनाथ, यह पार्टी की बैठक नहीं बल्कि संकल्प बैठक है जो बिहार और भारत को आगे ले जाएगा

**एजेंसी, पटना**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पटना में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में कहा, "आप सभी साधारण कार्यकर्ता नहीं हैं, आप स्वर्णिम बिहार के निर्माता हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पार्टी की बैठक नहीं बल्कि संकल्प बैठक है जो बिहार और भारत को आगे ले जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से बिहार के इतिहास से प्रेरणा लेने और आगामी राज्य विधानसभा चुनावों की दिशा में काम करने को कहा। रक्षा मंत्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह सिर्फ पार्टी की बैठक नहीं बल्कि एक संकल्प बैठक है और यह संकल्प बिहार और भारत को आगे ले जाएगा। स्वतंत्र भारत में आपने देखा है कि नेताओं की कथनी और करनी में अंतर के कारण जनता का धीरे-धीरे भारतीय राजनेताओं पर से भरोसा उठ गया है। लेकिन आप सीना ठोंक कर कह सकते हैं कि इस अविश्वास के बीच अगर किसी पार्टी ने चुनौती स्वीकार की है, तो वह भाजपा है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा किया है। उन्होंने कहा, "बिहार आने से पहले मुझे शंघाई सहयोग संगठन का हिस्सा बनने का मौका मिला था। बहुत कम लोगों को पता है कि बैठक के दौरान लगाई गई पृष्ठभूमि में नालंदा विश्वविद्यालय को दिखाया गया था। बिहार भारतीय और चीनी संस्कृतियों के बीच सेतु का काम करता है। चीन के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद मैंने चीनी रक्षा मंत्री को 'जीवन का वृक्ष' शीर्षक वाली मधुबनी पेंटिंग भी भेंट की। रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा एक वृक्ष की तरह है, जिसकी जड़ें पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मजबूत की जा रही हैं। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। बिहार के इतिहास और विश्व को दिए गए योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, "पटना ज्ञानियों की भूमि है, जिसे भगवान विश्वकर्मा ने भगवान ब्रह्मा के समक्ष अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए बनाया था। यह पाटलिपुत्र है, जहां से सम्राट अशोक ने दुनिया को शांति और धम्म का संदेश दिया। यह वह भूमि है, जहां चाणक्य ने राजनीति के सिद्धांत गढ़े और आर्यभट्ट ने भारत को खगोल विज्ञान और गणित में 'विश्वगुरु' बनाया। उल्लेखनीय है कि बिहार में इस साल के अंत में अक्टूबर या नवम्बर माह में विधानसभा चुनाव होने हैं। हालांकि, चुनाव आयोग (ईसीआई) ने आधिकारिक तारीख की घोषणा नहीं की है। 243 सदस्यों वाली वर्तमान बिहार विधानसभा में, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 131 सदस्य हैं, जिसमें भाजपा के 80 विधायक, जदयू के 45, हम (एस) के 4 और 2 निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन है। विपक्ष के इंडिया ब्लॉक में 111 सदस्य हैं, जिसमें राजद के 77 विधायक हैं, उसके बाद कांग्रेस के 19, सीपीआई (एमएल) के 11, सीपीआई(एम) के 2 और सीपीआई के 2 विधायक हैं।



## संक्षिप्त

### टीएसपीसी के जोनल कमांडर की गोली मारकर हत्या



**हजारीबाग ।** हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। बुधवार को केरेडारी-बुंडू रोड पर गेरुआ नदी के पास युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखने ही पुलिस को मामले की सूचना दी। युवक के सीने में गोली मारी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर अनीश अंसारी के रूप में हुई है। अनीश रांची जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव का निवासी था।

### हर एक लाठी और हर एक अन्याय का हिसाब लिया जाएगा : बाबूलाल



**रांची ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भोगनाडीह लाठी चार्ज मामले को लेकर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि जिस धरती से सिद्धो-कान्हू उठे थे, उस धरती पर ये अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर एक लाठी और हर एक अन्याय का हिसाब लिया जाएगा। मरांडी ने सोशल मीडया पर कहा कि हेमंत सरकार आज जनरल डायर की भूमिका निभाती नजर आ रही है।

### न्यूयॉर्क के फैंसी फूड शो में चमकी असम की अतुल्य चाय



**गुवाहाटी/ न्यूयार्क ।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि असम की चाय की 200 वर्षों की रंगीन यात्रा को न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित समर फैंसी फूड शो में प्रस्तुत किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर 'अतुल्य असम' की ब्रांडिंग के तहत न केवल राज्य की चाय के स्वाद को दुनिया के सामने लाया गया, बल्कि उसके सांस्कृतिक महत्व को भी दर्शाया गया। मशहूर शेफ विकास खन्ना जैसे विशेष अतिथियों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया और असम की चाय की प्रशंसा करते हुए इसका समर्थन किया।

### प्रधानमंत्री मोदी का पांच देशों की यात्रा पर प्रस्थान पूर्व वक्तव्य-

# 'वैश्विक दक्षिण में भारत के मैत्रीपूर्ण रिश्ते मजबूत होंगे'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अब से कुछ देर पहले पांच देशों की यात्रा पर नई दिल्ली से रवाना हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया के लिए प्रस्थान करने से पहले जारी वक्तव्य में कहा, ''मेरी इन देशों की यात्रा से वैश्विक दक्षिण में भारत के मैत्रीपूर्ण रिश्ते मजबूत होंगे।'' प्रधानमंत्री के इस वक्तव्य को भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने जारी किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी साझा किया है। उन्होंने लिखा है, '' आज, मैं 02 से 09 जुलाई 2025 तक घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की पांच देशों की यात्रा पर जा रहा हूं। राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर मैं 02-03 जुलाई को घाना जाऊंगा। घाना वैश्विक दक्षिण में एक मूल्यवान भागीदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मैं अपने आदान-प्रदान की प्रतीक्षा कर रहा हूं जिसका उद्देश्य हमारे ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा करना और निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, क्षमता निर्माण और विकास साझेदारी के क्षेत्रों सहित सहयोग के नए द्वार खोलना है। साथी लोकतंत्रों के रूप में, घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, '' पोर्ट ऑफ स्पेन से मैं ब्यूनस आयर्स की यात्रा करूंगा। यह 57 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की अर्जेंटीना की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। अर्जेंटीना लैटिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है और जी-20 में एक करीबी सहयोगी है। मैं राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ अपनी चर्चा का इंतजार कर रहा हूं, जिनसे मुझे पिछले साल मिलने का सौभाग्य भी मिला था। हम कृषि, महत्वपूर्ण खनिजों, ऊर्जा, व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी और निवेश के क्षेत्रों सहित अपने पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।'' उन्होंने कहा, '' मैं 06-07 जुलाई को रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा। एक संस्थापक सदस्य के रूप में, भारत उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में ब्रिक्स के लिए प्रतिबद्ध है। साथ मिलकर, हम एक अधिक शांतिपूर्ण, न्यायसंगत, लोकतांत्रिक और संतुलित बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के लिए प्रयास करते हैं। शिखर सम्मेलन के दौरान, मैं कई विश्व नेताओं से भी मिलूंगा। मैं एक द्विपक्षीय राजकीय यात्रा के लिए ब्रासीलिया की यात्रा करूंगा, जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। यह यात्रा ब्राजील के साथ हमारी घनिष्ठ साझेदारी को मजबूत करने और मेरे मित्र, राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ मिलकर ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, '' मेरा अंतिम गंतव्य नामीबिया होगा।



### पिछले 11 सालों में भारत की जीडीपी दोगुनी हुई, 2030 तक बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : हरदीप पुरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के 77वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति की है। भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जो 2014 के 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। पुरी ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश ने साहसिक नीतिगत सुधारों, व्यापक सामाजिक कल्याण योजनाओं और मजबूत वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि भारत ने हाल ही में जापान को पीछे छोड़ दिया है और 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने भारत सरकार द्वारा लागू की गई प्रमुख सामाजिक पहलों का भी उल्लेख किया, जिनमें 27 करोड़ से अधिक नागरिकों को गरीबी से बाहर निकालने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग चार करोड़ घरों को मंजूरी देने और जल जीवन मिशन के तहत 15.4 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल मुहैया कराना शामिल है। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान किया गया है, जिससे समावेशी विकास की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया गया है। भारत में किए गए आर्थिक सुधारों के बारे में बताते हुए मंत्री ने कहा कि 2014 से 2025 तक देश में 748 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह हुआ, जो पिछले दशक की तुलना में 143 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने बताया कि भारत के कर सुधारों और डिजिटल भुगतान प्रणाली में हुए सुधारों ने देश के व्यापार परिदृश्य को मजबूत किया है।

## कोरोना वैक्सीन और हार्ट अटैक से हो रही मौतों के बीच कोई संबंध नहीं : स्वास्थ्य मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
सत्यमेव जयते

देश में हाल के दिनों में हार्ट अटैक से अचानक मौत के कई मामले देखने को मिले हैं। इसके बाद ये सवाल उठने लगे कि इसका कहीं कोरोना वैक्सीन से कनेक्शन तो नहीं है। ऐसे में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 वैक्सीन को लेकर चल रही इन तमाम अफवाहों को खारिज करते स्पष्ट किया कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक अस्पष्टीकृत मौतों के मामले की जांच की गई है। इन अध्ययनों ने निर्णायक रूप से स्थापित किया है कि कोरोना टीकाकरण और देश में अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत में कोरोना टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं, जिनमें गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले सामने आए हैं। मंत्रालय ने कहा कि अचानक हृदय संबंधी मौतें कई तरह के कारकों के कारण हो सकती हैं, जिनमें आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी अचानक अस्पष्टीकृत मौतों के पीछे के कारणों को समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। खासकर 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं में इसका पता लगाने के लिए, अलग-अलग शोध दृष्टिकोणों का उपयोग करके दो पूरक अध्ययन किए गए। एक पिछले डेटा पर आधारित और दूसरा वास्तविक समय की जांच से जुड़ा हुआ है। आईसीएमआर के राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान (एनआईई) द्वारा किए गए पहले अध्ययन का शीर्षक था "भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों से जुड़े कारक - एक बहुकेंद्रित मिलान केस-कंट्रोल अध्ययन।" यह अध्ययन मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 तृतीयक देखभाल अस्पतालों में किया गया था।

## ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर कांवड़ियों से भरा ट्रक पलटा, तीन की मौत, 18 घायल

**एजेंसी, नई टिहरी**

ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर नरेंद्रनगर थाना क्षेत्र के ताछला के पास बुलंदशहर (यूपी) से गंगोत्री जा रहे कांवड़ियों का ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीन कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हो गए।

घायलों को पीएचसी फकोट में प्राथमिक उपचार के बाद 15 को हायर उप जिला अस्पताल नरेंद्रनगर और तीन गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए तत्काल राहत व उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।वन मंत्री सुबोध उनियाल ने नरेंद्रनगर अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल व एसएसपी आयुष अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। नरेंद्रनगर के थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि बुधवार सुबह के वक्त ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर फकोट और जाजल के बीच ताछला में यूपी के सिकंदराबाद बुलंदशहर के कांवड़ियों का ट्रक संख्या यूपी 13-बीटी-8739 सड़क पर पलट गया। वे सभी कांवड़-भंडारा के लिए हर्षिल उत्तरकाशी जा रहे थे। वाहन में कुल 21 लोग सवार थे।



सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। इस दौरान एक चार साल का बच्चा भी ट्रक के आगे फंसा था। जिसको पुलिस ने सकुशल बाहर निकाला। दुर्घटना में ट्रक के नीचे दबने से तीन कांवड़ यात्रियों - विक्की (27) पुत्र महेंद्र, सुनील सैनी (42) पुत्र मील चंद और संजय सिंह (46) पुत्र राम सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई, जो सैनियों की बड़ी चौपाल, मोहल्ला कास्तवाडा, जिला बुलंदशहर, सिंकदराबाद, यूपी के निवासी थे।

## झारखंड के सभी जिलों में चार से तीन दिनों तक लगातार होगी बारिश

**एजेंसी, रांची**

झारखंड के सभी जिलों में तीन दिनों तक लगातार बारिश होने की संभावना है। बारिश चार से छह जुलाई तक होगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी है। विभाग के अनुसार बुधवार को भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने की संभावना है।

इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्यम में सबसे अधिक बारिश रांची के कांके में 110.2 मिमी रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में हुई बारिश में हेरगंज में 107 मिमी, कुरडेग में 92.2, रामगढ़ के भुरकुंडा में 89, पलामू के पांकी में 88.9, धालभूमगढ़ में 85.4, गोयलकेरा में 75.8, नीमडीह में 65.4, गुमला के चैनपुर में 65, पदमा डीवीसी में 64, जमशेदपुर में 55.2, राजधनवार में 55.2, जमशेदपुर के गुड़ाबांधामें 55.2, रामगढ़ में 52.2, तेनुघाट में 51.6, घाटशिला में 46.8, गोविंदपुर में 45, मांडू में 44.4, डुमरी में 41.4, और मांझी में 40.6 , बंदगांव में 40.6, पालगंज में 40, पलामू के लेस्लीगंज में 40, मनोहरपुर में 39.8, कुमारडूंगी 38.8, महारो 36.2, रामगढ़ के गोला में 36, नामकुम में 35.2, रामगढ़ के पतरातू में 35 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।



वहीं रांची और आसपास के इलाकों में बुधवार को सुबह से बादल छाए रहे। बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.4, 28.1, 32.6, 31.5 और चाईबासा में तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## पटना में डोमिसाइल नीति की मांग को लेकर सड़क पर उतरे छात्र

**एजेंसी, पटना**

राजधानी पटना में सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग को लेकर छात्रों ने बुधवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। पटना कॉलेज से शुरू हुआ छात्रों का प्रदर्शन शहर के प्रमुख मार्गों तक पहुंचा। हजारों छात्रों ने "वोट दे बिहारी, नौकरी ले बाहरी, अब नहीं चलेगा" जैसे नारे लगाते हुए बिहार सरकार से नौकरियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की मांग की। छात्रों का कहना है कि जब तक सरकार इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख नहीं अपनाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलनकारियों की मांग है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद सामने आकर डोमिसाइल नीति पर सरकार का रुख स्पष्ट करें। इससे पहले भी पटना में डोमिसाइल नीति को लेकर कई बार छात्र प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन इस बार का आंदोलन बड़े स्तर पर आयोजित किया गया है।



इसे 'महान छात्र आंदोलन' का नाम दिया गया है। छात्र गांधी चौक, मुसल्लहपुर हाट, भिखना पहाड़ी, नया टोला, मछुआ टोली, हथुआ मार्केट होते हुए गांधी मैदान, जेपी गोलंबर, डाक बंगला होते हुए मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे , जहां पुलिस बल ने बल प्रयोग कर उन्हें वहां से हटा दिया। सैकड़ों छात्र अलग अलग जिले से पटना पहुंचे थें। छात्रों की मांग है कि शिक्षक भर्ती परीक्षा में 100 प्रतिशत डोमिसाइल लागू किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### फतुहा में अंग्रेजी शराब के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार, 3,174 लीटर शराब जब्त

**पटना।** पटना के फतुहा में पुलिस ने 3174 लीटर अंग्रेजी शराब के खेप जब्त की है। वहीं पुलिस ने तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। पूरा मामला फतुहा थानाक्षेत्र के मकसूदपुर गांव का है। फतुहा SDPO अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार मकसूदपुर गांव में एहतशाम उद्दीन के गोदाम में अवैध शराब छिपाकर रखी गई थी। एहतशाम उद्दीन मोहम्मद सलाउद्दीन का बेटा है। पुलिस को यह भी पता चला कि शराब को पिकअप से बाहर भेजने की प्लानिंग थी। सूचना मिलते ही फतुहा थाना पुलिस ने टीम बनाकर छापेमारी की। पुलिस ने गोदाम के कमरों की तलाशी ली। वहां खड़ी एक पिकअप और एक शेवरले गाड़ी से भी शराब बरामद हुई। पुलिस ने कुल 3174 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। इसके साथ ही गोदाम, पिकअप वाहन और शेवरले गाड़ी को भी जब्त कर लिया गया है। SDPO अवधेश प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें पहला आरोपी गोदाम का मालिक फतुहा थाना क्षेत्र के मकसूदपुर निवासी मोहम्मद सलाउद्दीन का बेटा एहतशाम उद्दीन है, दूसरा गिरफ्तार आरोपी पिकअप वाहन का चालक उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के सरपताहा थाना क्षेत्र के उसरोली गांव निवासी स्वर्गीय शिव प्रसाद का पुत्र विपुल यादव है। एहतशाम उद्दीन की निशानदेही पर इस अवैध शराब कारोबार के एक प्रमुख कारोबारी फतुहा थाना क्षेत्र के सोनारू निवासी बृजराज प्रसाद का बेटा विक्की कुमार उर्फ संजय कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अब इन गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर रही है ताकि इस अवैध शराब के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।



### एनटीपीसी बाढ़ की तीसरी यूनिट से बिजली का उत्पादन शुरू, बिहार को 383 मेगावाट ज्यादा मिलेगी बिजली

**पटना।** NTPC बाढ़ स्टेज-1 की तीसरी यूनिट से 1 जुलाई 2025 से कॉमर्शियल बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। इस यूनिट की क्षमता 660 मेगावाट है। इससे पहले 5 जून 2025 को इस यूनिट का 72 घंटे का फुल लोड ट्रायल ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा किया गया था। नई यूनिट के शुरू होने से बिहार को 383 मेगावाट ज्यादा बिजली मिलने लगी है। NTPC बाढ़ के स्टेज-1 और स्टेज-2 की कुल 4 यूनिट से बिहार को पहले 1902 मेगावाट बिजली मिल रही थी। अब यह बढ़कर 2285 मेगावाट हो गई है। NTPC बाढ़ से बिहार के साथ-साथ झारखंड, सिक्किम, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, केरल, गुजरात और तेलंगाना को भी बिजली की आपूर्ति की जा रही है। NTPC से बिहार को अब कुल 7,676 मेगावाट बिजली मिल रही है। इसमें 300 मेगावाट सौर ऊर्जा भी शामिल है। दरअसल, बाढ़ परियोजना अब विंध्याचल के बाद NTPC का दूसरा सबसे बड़ा बिजली उत्पादन केंद्र बन गया है। स्टेज-1 की तीन और स्टेज-2 की दो यूनिटों से कुल 3300 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इस उपलब्धि पर कार्यकारी निदेशक जी. श्रीनिवास राव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने केक काटकर जश्न मनाया।




### अंडर 19 वनडे के तीसरे मैच में वैभव सूर्यवंशी दिखाएंगे जलवा, इंग्लैंड के खिलाफ दो मैचों में अर्धशतक से चुके

**पटना।** अंडर-19 इंडिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की वनडे सीरीज चल रही है। आज तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। बिहार के वैभव सूर्यवंशी पर सभी की निगाहें टिकी होगी। पिछले दो मैचों में वैभव ने शानदार पारी खेली थी, मगर दोनों ही मैचों में वह अर्धशतक बनाने से चुक गए थे। आज वैभव सूर्यवंशी, टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे के साथ ओपनिंग करेंगे। पहले मैच में उन्होंने महज 19 गेंद में 48 रनों की पारी खेली जिसमें पांच छक्के और छह चौके शामिल थे। उन्होंने एक ही ओवर में तीन छक्के लगाए थे। उनका स्ट्राईक रेट 252.63 रहा था। वैभव ने पहले मैच में गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया था। हालांकि, उन्होंने बस एक ओवर की डाला, जिसमें उन्होंने 2 रन दिए। वहीं, दूसरे मैच में वह 34 गेंद पर 45 रन बनाकर आउट हो गए। इसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 132.35 रहा। पहले मुकाबले में इंडिया ने इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया था, वहीं दूसरे मुकाबले में भारत को शिकस्त मिली। बिहार के वैभव आईपीएल इतिहास में हाफ सेंचुरी और सेंचुरी बनाने वाले सबसे युवा प्लेयर बन गए हैं। वैभव ने चौके से फिफ्टी और छक्के से सेंचुरी पूरी की थी। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में उन्होंने मात्र 35 गेंद में शतक जड़ा था। उन्होंने 11 छक्के और 7 चौकों के साथ अपनी सेंचुरी पूरी की थी। यह आईपीएल में किसी भी भारतीय खिलाड़ी का सबसे कम गेंद में शतक बनाने का रिकॉर्ड था। इससे पहले यह रिकॉर्ड यूसुफ पठान के नाम था। उन्होंने 2010 में 37 गेंद पर सेंचुरी बनाई थी। वहीं, आईपीएल में वैभव ने दूसरा सबसे तेज शतक लगाया है। पहले नंबर पर क्रिस गेल है जिन्होंने 30 बॉल पर शतक जड़ा था।



### आंधी-बारिश से झुका सीसीटीवी टावर, बिजली के तारों पर अटका, लोगों के बीच मची अफरा-तफरी

**पटना।** पटना में पुलिस का CCTV कैमरा टावर बारिश और तेज आंधी के कारण झुककर बिजली के तारों पर अटक गया। मामला पटना सिटी के खाजेकला थाना क्षेत्र के नून के चौराहा के पास का है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना खाजेकला थाने को दी। खाजेकला थाना प्रभारी प्रभात रंजन सक्सेना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तत्काल वहां से ट्रैफिक रोककर दूसरी तरफ डायवर्ट कर दिया। इस दौरान स्थानीय लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह एक पुराना टावर है। सोमवार से लगातार हो रही बारिश और आंधी के कारण टावर झुक गया। टावर के झुकने से बिजली के तार टूटने की आशंका बनी हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि टावर को हटाने के लिए हाइड्रा और क्रेन बुलाई गई। देर रात टावर को बिजली के तारों से हटा लिया गया। वहीं जब तक टावर पूरी तरह नहीं हटा तब तक ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्ग से जाने का निर्देश दिया गया है।

### फतुहा में मोबाइल दुकान में लगी आग

**पटना।** फतुहा में मंगलवार की देर रात स्टेशन रोड पर एक मोबाइल दुकान में आग लग गई। दुकान थाने से एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। आग की लपटों ने आस-पास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया है। घटना की सूचना पर फतुहा थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। इससे तीन-चार अन्य दुकानें जलने से बच गईं। दुकान के मालिक रौशन कुमार जहानाबाद के रहने वाले हैं। वो फतुहा के मिर्जापुर नोहटा मोहल्ला में अपनी मां और छोटे भाई के साथ रहते हैं। दुकान में मोबाइल और टीवी कवर, मोबाइल टेंपर समेत अन्य सामान रखा था। आग से लगभग दो लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। यह दुकान रौशन के परिवार की आजीविका का एकमात्र स्रोत थी। रौशन और उनका भाई इसी दुकान से होने वाली आय से परिवार का भरण-पोषण करते थे। दुकान के जलने से परिवार सदमे में है। उनकी मां की हालत बेहद खराब है। अब परिवार के सामने जीवन-यापन की चुनौती खड़ी हो गई है।

# पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज किया, लात-घूंसे बरसाए

## डोमिसाइल की मांग को लेकर सीएम हाउस घेरने जा रहे थे, 6 स्टूडेंट्स को डिटेन किया

**एजेंसी, पटना**



सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल और पारदर्शिता लागू करने की मांग कर रहे छात्रों पर बुधवार को पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। पटना कॉलेज से छात्रों का प्रदर्शन सुबह शुरू हुआ था। सभी CM हाउस का घेराव करने निकले थे। पुलिस ने उन्हें डाकबंगला चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रोका था। डाकबंगला चौराहे पर छात्र बैरिकेडिंग तोड़कर आगे जाने की कोशिश रहे थे। पुलिस ने समझाया, लेकिन वो नहीं माने। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी होती रही। बारिश के बीच भी छात्र डटे रहे। शाम करीब 5 बजे के आसपास पुलिस ने छात्रों पर लाठीचार्ज कर दिया। मौके पर वाटर कैनन की गाड़ियां भी मंगवाई गई हैं। इस दौरान छात्रों ने BJP के सांसद की गाड़ी के सामने नारेबाजी भी की। राज्य के अलग-अलग जिलों से स्टूडेंट्स अपनी मांगों को लेकर पटना पहुंचे हैं। 5 जून को भी छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया गया था।

**शिक्षक भर्ती में 100% डोमिसाइल लागू करने की मांग:** प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने साफ कहा कि बिहार में BPSC TRE (शिक्षक भर्ती) में प्राथमिक शिक्षक पदों के लिए 100 प्रतिशत डोमिसाइल लागू किया जाए, क्योंकि प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में होने से बच्चों का विकास बेहतर होता है। उन्होंने माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों की भर्ती, दरोगा, सिपाही, लाइब्रेरियन, BPSC और अन्य सभी सरकारी नौकरियों में भी 90 प्रतिशत डोमिसाइल लागू करने की मांग की। उनका तर्क है कि इससे बिहार के युवाओं को रोजगार मिलेगा और राज्य की सामाजिक-आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## बंगाल से पटना आए दंपती, सामान लेकर भागा रेपिडो ड्राइवर

**एजेंसी, पटना**

पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र के खेतान मार्केट के पास बंगाल से नौकरी की तलाश में आए दंपती का सामान लेकर रेपिडो वाला लेकर फरार हो गया। दंपती पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के रहने वाले हैं। दोनों ने बिहार के दोस्तों के साथ बुधवार को थाना पर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित वहाब अली ने बताया कि वो नौकरी की तलाश में बिहार आए हैं। मीठापुर इलाके में रेंट पर ठहरे हैं। मंगलवार को पत्नी रूप जानू नेचा के कहने पर खेतान मार्केट खरीदारी करने आए थे। इसके लिए रेपिडो से ऑटो बुक किया था।

सामान खरीदने के बाद ऑटो वाले के पास आए। बारिश हो रही थी और बार बार मेरे फोन पर कॉल आ रहे थे। इसी बीच उसको मैंने अपना मोबाइल थमाया। इसके बाद वो लेकर वहां से भाग गया। मोबाइल के पीछे ATM कार्ड भी था। जिसमें लगभग 10000 रुपए थे।

**यहां के रहने वाले दोस्तों के साथ की खोजबीन:** वहाब अली का सिलीगुड़ी में अपना घर और एक दुकान भी है। बिहार से वहां घूमने गए कुछ लोगों से दोस्ती हुई थी। इन दोस्तों में से एक पटना सिटी के रहने वाले सूरज कुमार की मदद से दंपती एसके पुरी थाना क्षेत्र स्थित रेपिडो दफ्तर पहुंचे। वहां से ड्राइवर अभिषेक राज और उसके ओनर पप्पू सिंह के बारे में पता चला। दफ्तर से पता चला कि घटना के बाद से अभिषेक ने राइड के लिए ऑटो बुक नहीं किया है। दंपती को हिंदी में आवेदन लिखने में भी परेशानी आ रही थी, जिसके चलते सूरज ने ही आवेदन लिखा और पीड़ित ने उस पर साइन किया। घटना के बारे में जानकारी मिलने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। फिलहाल पीड़ितों का ATM और मोबाइल फोन नहीं मिले हैं।



♦ जॉब की तलाश में आए थे, ऑटा बुक किया था, 10 हजार और एटीएम भी गायब

## सड़क हादसे में युवक की मौत, दो घायल, दोनों आईसीयू में भर्ती



बाइक से खगौल स्टेशन जा रहे थे तीनों, तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर

**एजेंसी, पटना**

दानापुर में सड़क हादसे में एक युवक नागमणि कुमार (20) की मौत हो गई। वहीं दो युवक अभिषेक कुमार और विकास कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। पूरा मामला छावनी क्षेत्र के सैनिक चौक के पास का है। दरअसल, मंगलवार की देर शाम नागमणि और विकास, अभिषेक को खगौल रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहे थे। अभिषेक को बनारस जाना था। तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दिया। ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद नागमणि ने ही अपने परिजनों को सूचना दी थी, लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई। दोनों घायलों को सुगना मोड़ स्थित निजी अस्पताल के ICU में भर्ती कराया गया है।

**पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा शव:** ट्रैफिक पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मनेर-दानापुर रोड पर वाहन अक्सर तेज गति से चलते हैं। पुलिस इस पर कोई ध्यान नहीं देती। तीनों युवक आपस में रिश्तेदार थे।

## 21 साल बाद सुनील सिंह का बिस्कोमान से वर्चस्व खत्म, विशाल सिंह बने अध्यक्ष

**एजेंसी, पटना**

कई महीनों की कानूनी लड़ाई के बाद बिस्कोमान के नए चेयरमैन को लेकर फैसला आ गया है। भारत सरकार सहकारिता विभाग में नोटिफिकेशन जारी करते हुए बिस्कोमान के नए चेयरमैन की घोषणा की। नोटिफिकेशन में सुनील सिंह के मुख्य विरोधी विशाल सिंह को चेयरमैन घोषित किया गया है। महेश राय को वाइस चेयरमैन बनाया गया है। सहकारिता विभाग भारत सरकार का यह नोटिफिकेशन झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले के बाद जारी किया गया है। पिछले दिनों झारखंड उच्च न्याय के फैसले के बाद से ही यह तय ही थी कि विशाल सिंह बिस्कोमान के नए अध्यक्ष बनेंगे।

**हाई कोर्ट में क्या सुनाया था फैसला:** रांची उच्च न्यायालय के जस्टिस आर. मुखोपाध्याय व जस्टिस अंबुज नाथ ने यह स्पष्ट किया कि यह मामला उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है। इसे सुप्रीम कोर्ट ही सुन सकता है क्योंकि इसमें बिहार व झारखंड दोनों राज्यों के बीच अधिकार-वाद है। कोर्ट ने इस आधार पर रोक हटाई और चुनाव प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति दी। रांची हाईकोर्ट के नए आदेश के साथ विशाल सिंह को बिस्कोमान के नए चेयरमैन के रूप में पद ग्रहण करने का रास्ता साफ हो गया था।



**सुनील सिंह को बड़ा झटका:** यह फैसला RJD MLC सुनील सिंह के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। सुनील सिंह लगभग 21 साल तक बिस्कोमान के अध्यक्ष के पद पर काबिज रहे। उनका वर्चस्व बना रहा। साथ ही उनके गुट ने सभी पर अपनी पकड़ बनाकर रखी थी। विशाल सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद सुनील सिंह के 21 साल के दबदबे को चुनौती मिली और वर्चस्व खत्म हुआ। सुनील सिंह की यह हार ना सिर्फ़ सुनील सिंह की बल्कि आरजेडी के लिए भी बड़ा झटका है। सुनील सिंह आरजेडी के एमएलसी है और कई साल बिस्कोमान पर काबिज रहे।

♦ वोट से लेकर कोर्ट तक की लड़ाई के बाद हुआ फैसला

**कौन हैं नए अध्यक्ष विशाल सिंह:** विशाल सिंह तपेश्वर सिंह के पोते हैं। तपेश्वर सिंह बिस्कोमान के संस्थापक और सहकारी आंदोलन के अग्रणी नेता थे। उनके पिता अजित सिंह 1996 तक NCCF (National Cooperative Consumers' Federation) के अध्यक्ष रहे, और उनकी मां मीना सिंह आरा लोकसभा सीट से सांसद थीं। विशाल सिंह वर्तमान में NCCF के अध्यक्ष हैं और दो साल पहले निर्विरोध चुने गए। इसके अलावा वे बिहार कुश्ती संघ के अध्यक्ष भी हैं और भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ में अहम भूमिका निभाते हैं।

## सड़क हादसे में मौत के बाद परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

**एजेंसी, पटना**

पटना में मंगलवार देर रात सड़क हादसे में वेयरहाउस सुपरवाइजर की मौत हो गई। आक्रोशित परिजन शव को NH पर प्रदर्शन किया। इसके कारण पटना-बख्तियारपुर नेशनल हाईवे (NH-30) पर 6 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। 6 घंटे के बाद जाम छूटा है। दरअसल, बुधवार सुबह 6:30 बजे से मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने पटना-बख्तियारपुर नेशनल हाईवे (NH-30) को जाम कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर शव रखकर आगजनी भी की। करीब 12 बजे, स्थानीय विधायक डॉ. रामानंद यादव और पटना सिटी SDO सत्यम सहाय घटनास्थल पर पहुंचे। उनके समझाने के बाद परिजनों ने जाम खोला, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेजा गया।



♦ नएच-30 पर 6 किमी लंबा जाम, 6 घंटे फंसी रही गाड़ियां, मुआवजे और नौकरी की मांग

**रौंदते हुए फरार हुआ ट्रक ड्राइवर:** मृतक की पहचान दौलतपुर राणा टोला निवासी स्व. शिव कुमार सिंह के बेटे केशरी कुमार उर्फ मंटू के रूप में हुई है। केशरी, छपाक वाटर पार्क के पास एक वेयर हाउस गोदाम में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। केशरी ने मंगलवार देर रात वेयर हाउस से निकल रहे हरियाणा के ट्रक से गेट पास मांगा था। उसने गेट पास नहीं दिया और रौंदते हुए ट्रक छोड़कर फरार हो गया। जिस ट्रक से हादसा हुआ उस ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। वहीं आक्रोशित लोगों ने एक दूसरे ट्रक में आग लगा दिया, जिसे बाद में समय रहते बुझा दिया गया।

**4 थाने की पुलिस मौके पर मौजूद:** फिलहाल, फतुहा थाने के अलावा दीदारगंज थाना, नदी थाना और दनियावां थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर मौजूद है।

## पटना में सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत, बालू लदे हाइवा ने रौंदा

♦ आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने किया सड़क जाम

**एजेंसी, पटना**

पटना में सड़क हादसे में बुजुर्ग शिवधारी पासवान (71) की मौत हो गई। घटना जिले के पालीगंज अनुमंडल के रानीतालाब थाना क्षेत्र की है, जहां NH-139 पर काब गांव के पास एक बालू लदे हाइवा ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर महबलीपुर की ओर फरार हो गया। शिवधारी पासवान काब गांव के धाना टोला के निवासी थे। वो रोज की तरह सुबह टहलने और चाय पीने बाजार गए थे। घर लौटते समय यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी।



**परिजनों ने शव रख किया सड़क जाम:** पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। हालांकि, पुलिस के समझाने पर जाम हटा दिया गया। पुलिस फरार ट्रक और चालक की तलाश कर रही है। मृतक किसान और मजदूरी का काम किया करता था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव के पास काफी तेज गति से बालू लदे ट्रक गुजरते हैं, जिससे इस तरह की घटनाएं होते रहती हैं। प्रशासन इस पर नियंत्रण नहीं कर रही है। घटना को लेकर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि फरार वाहन की तलाश की जा रही है। साथ ही मृतक के परिवार को समझाकर शव को कब्जे में लिया गया है। पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा जा रहा है। इसके अलावा यातायात को चालू कर दिया गया है।

## होटल में लूडो खेल रहे युवकों पर फायरिंग, एक घायल

**एजेंसी, पटना**

पटना में मंगलवार देर रात एक लाइन होटल पर फायरिंग हुई। घटना के समय 8 युवक चाय पीते हुए लूडो खेल रहे थे। इसी दौरान दो बाइक पर सवार होकर 5 युवक पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दिया। वहीं फायरिंग के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। पूरा मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के दमड़ी चक, पटना-डोभी फोरलेन स्थित होटल का है। फायरिंग में सुधीर प्रसाद सिंह का बेटा सुमित कुमार (16) घायल हो गया। उसे इलाज के लिए PMCH में एडमिट कराया गया है।

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी:** घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। मसौढ़ी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी कन्हैया सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके से तीन खोखा बरामद किया गया है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। धनरूआ थाना प्रभारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी विवाद का लग रहा है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।




## कांग्रेस ने इलेक्शन कमीशन को बताया सर्कस

**एजेंसी, पटना**

बिहार में चुनाव आयोग सामाजिक-आर्थिक पुनरीक्षण करा रही है। इसपर विपक्ष लगातार आयोग पर हमलावर है। इसी बीच बिहार कांग्रेस ने इलेक्शन कमीशन को सर्कस बताया है। बिहार कांग्रेस ने X पर एक कार्टून वाली तस्वीर शेयर की है, जिसमें इलेक्शन कमीशन बुलडोजर चलाकर लोकतंत्र की रीढ़ यानि कि वोटर्स की दीवारों को तोड़ रही है। इसपर ECI का फुल फॉर्म एक्टरनल सर्कस ऑफ इंडिया लिखा है। इस तस्वीर को पोस्ट करते हुए लिखा है कि '2003 के बाद पैदा हुए मतदाता सावधान! आपके वोटर ID पर अब ECI का बुलडोजर चल सकता है - सबूत लाओ, नागरिकता साबित करो, वरना लोकतंत्र की दीवार में आपकी ईंट भी गायब!'




**चुनाव आयोग को बताया था मोदी-नीतीश का जिन्न:** यह पहली बार नहीं है, जब कांग्रेस ने ऐसी पोस्ट शेयर की हो। इससे पहले भी यूथ कांग्रेस ने चुनाव आयोग को घेरा था। इसमें चुनाव आयोग को जिन्न और PM मोदी और CM नीतीश को उनका आका बताया गया है। इस AI तस्वीर में PM हाथों में चिराग लिए हुए हैं, बगल में नीतीश कुमार खड़े हैं और जिन्न बना चुनाव आयोग 'हुकुम मेरे आका' कह रहा है। इस पोस्ट में कैप्शन लिखा है, 'चुनाव आयोग की नई पहचान, अब बिहार में आका का हुक्म ही आखिरी फैसला है!'

इससे पहले भी बिहार यूथ कांग्रेस की ओर से X पर पोस्ट शेयर किया गया था, जिसमें मोदी और नीतीश के गठबंधन को लूटबंधन बताया गया था। इस पोस्ट में लिखा था, बिहार की बर्बादी के दो ठेकेदार, एक जुमले का सौदागर दूसरा कुर्सी का लालची। वहीं, कांग्रेस ने एक फोटो जारी करते हुए BJP की क्रोनोलॉजी समझाई थी। इसमें गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बातचीत करते कार्टून बनाया गया था।

♦ बुलडोजर चलाकर तोड़ रहे वोटर्स की दीवार, X पर लिखा- सबूत लाओ वरना लोकतंत्र की दीवार में आपकी ईंट भी गायब!

# क्या 'व्यूज' और 'लाइक्स' के लिए बिगाड़ी जा रही सामाजिक समरसता

## यू-ट्यूबर्स पर प्राथमिकी दर्ज, एसपी ने कहा- खंगाली जाएगी कुंडली, होगी संपत्ति की जांच

बीएनएम। मोतिहारी : सागर सूरज







आदापुर थाना क्षेत्र के टीकुलिया गाँव में एक जातिसूचक विवाद को लेकर मोतिहारी पुलिस ने दो यू-ट्यूबर्स मंदीप यादव और संजीत कुशवाहा के खिलाफ सामाजिक विद्वेष फैलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने दोनों की गिरफ्तारी का आदेश देते हुए उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि और संपत्ति की जांच की बात भी कही है। मामला उस समय तूल पकड़ गया जब गाँव के बाहर एक बिजली के पोल पर लिखा गया—"एक खास जाति के लोग इस गाँव में पूजा-पाठ करने नहीं आएंगे, वरना अंजाम भुगतना पड़ेगा।" यह संदेश सोशल मीडिया पर वायरल होते ही इलाके में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस हरकत में आई और तुरंत विवादित संदेश को मिटाकर उसकी जगह "मेरा भारत महान" लिखवाया, जिसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की गईं। लेकिन इसके बाद भी कुछ यू-ट्यूबर्स ने मामले को और तूल दिया। उन्होंने अपने वीडियो में घटना को जायज ठहराने वाले ग्रामीणों के बयान दिखाए, जो जातीय तनाव को बढ़ावा देने वाले माने गए। जब राष्ट्रीय मीडिया ने मामले की पड़ताल की तो सामने आया कि टीकुलिया गाँव में मंदीप यादव की जाति के लोगों की आबादी लगभग 80% है। अधिकांश ग्रामीणों ने मीडिया से बात करते हुए यू-ट्यूबर्स की हरकतों को गैरजिम्मेदाराना और दुर्भावनापूर्ण बताया। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि गाँव में पूजा-पाठ को लेकर कोई विरोध नहीं है और यह सब कुछ "व्यूज" और "लाइक्स" की होड़ में किया गया कृत्य है, जिसे गाँववासी कतई स्वीकार नहीं करते। एसपी स्वर्ण प्रभात ने जानकारी दी कि मंदीप यादव के खिलाफ पूर्व में भी शराब कारोबार और अन्य आपराधिक मामलों में 11 प्राथमिकी दर्ज हैं। एसपी ने उन्हें आदतन अपराधी बताते हुए उनकी कुंडली खंगालने और संपत्ति की जांच करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा—"सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। समाज में नफरत फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। टीकुलिया मामले में शामिल सभी आरोपियों पर कड़ा कानून लागू किया जाएगा।" इस घटना को लेकर समाज दो धड़ों में बंटा नजर आ रहा है। जहां एक ओर पुलिस की कार्रवाई को सराहा जा रहा है, वहीं कुछ लोग इसे आगामी विधानसभा चुनाव से पहले "पिछड़ा बनाम अगड़ा" संघर्ष भड़काने की साजिश मान रहे हैं। इस बीच, मंदीप यादव ने सफाई देते हुए खुद को निर्दोष बताया है और कहा कि यह साजिश उनके राजनीतिक भविष्य को खत्म करने के लिए की गई है। उन्होंने दावा किया कि वे आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे, जिसे देखते हुए विरोधियों ने उन्हें निशाना बनाया। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और बड़े स्तर पर कार्रवाई की तैयारी में है।

> **सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह की सामाजिक और राजनीतिक विद्वेष फैलाने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।**
> -स्वर्ण प्रभात, पुलिस अधीक्षक, मोतिहारी।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 में लाए तेजीः डीएम

बीएनएम। मोतिहारी



» डीएम सौरभ जोरवाल ने सभी प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण सौरभ जोरवाल ने बुधवार को जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, मनरेगा के प्रोग्राम पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सीडीपीओ, बीपीएम जीविका, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम जीविका और डीपीओ आईसीडीएस के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 अभियान की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी कर्मियों से गणना प्रपत्र भरवाकर उसे आज ही अपलोड कराया जाए। पीडीएस डीलरों को अपने और अपने परिवार के सभी मतदाताओं का प्रपत्र तुरंत अपलोड करने को कहा गया। डीपीएम जीविका को जीविका दीदियों से फार्म भरवाने की जिम्मेदारी दी गई। जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश मिला कि विकास मित्रों के माध्यम से महादलित टोलों में घर-घर सर्वे कर गणना प्रपत्र भरवाया जाए और उसे BLO ऐप के जरिए अपलोड कराया जाए। डीएम ने यह भी कहा कि 2003 की मतदाता सूची में जिनका नाम दर्ज है, उनके फॉर्म की प्रविष्टि पहले कराई जाए और उसके बाद उनके बच्चों का नाम भी आवश्यक कागजात के साथ जोड़ा जाए। डीपीओ आईसीडीएस को निर्देश दिया गया कि आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और उनके मतदाता परिवार के सभी सदस्यों का प्रपत्र भी आज ही अपलोड कराया जाए। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की प्रतिदिन शाम सात बजे समीक्षा की जाएगी।

# 2 हफ्ते से ज्यादा समय से बुखार हो तो जरूरी जांच कराएं

» कालाजार रोगियों की खोज व इलाज में सक्रिय भूमिका निभायेंगे ग्रामीण चिकित्सक
» कालाजार मुख्य सूचना प्रदाता क्रो इलाज के बाद मिलेगा 500 रुपए प्रोत्साहन राशि

बीएनएम। मोतिहारी



कालाजार रोग के उन्मूलन हेतु रोगियों की खोज व इलाज में सक्रिय भूमिका निभाने और मुख्य सूचना प्रदाता बनने के लिए ग्रामीण चिकित्सकों का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चिरैया में एक दिवसीय उन्मुखीकरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिरैया डॉक्टर श्याम पासवान ने इसकी अध्यक्षता की। इसमें कालाजार रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बताया गया कि 15 दिनों से ज्यादा बुखार हो तो कालाजार की जांच जरूर करवाएं। इसमें कई ग्रामीण चिकित्सकों ने भाग लिया। उन्हें बताया गया कि आपके यहां 15 दिन से ज्यादा समय के बुखार वाले मरीज हों तो उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजें। यहां उनकी जांच की जायेगी। जांच में अगर पॉजिटिव पाए जाते हैं तो उनका इलाज किया जाएगा और इसके बदले में सभी ग्रामीण चिकित्सकों को प्रत्येक पॉजिटिव मरीज मिलने पर 500 प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

**क्षतिपूर्ति के रूप में सरकार द्वारा दी जाती है 7100 रुपये की राशि**-प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, चिरैया डॉक्टर श्याम पासवान ने बताया कि पीकेडीएल के केस में 84 दिनों तक दवा का सेवन जरूरी होता है। वही भीएल होने पर इसका एक ही दिन में इलाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि कालाजार के मरीजों को सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने पर श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में सरकार द्वारा 7100 रुपये की राशि दी जाती है। पीकेडीएल मरीजों को पूर्ण उपचार के बाद सरकार द्वारा 4000 रुपये श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में दिये जाने का प्रावधान है। जिला से आए हुए पिरामल के प्रतिनिधि धीरेंद्र प्रसाद ने कालाजार के साथ-साथ फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम पर भी चर्चा की। इस मौके पर ब्लॉक हेल्थ मैनेजर, कैंप इंचार्ज, लैब टेक्नीशियन एवं पिरामल के पप्पू कुमार, अशोक कुमार, धीरेन्द्र कुमार व ग्रामीण स्वास्थ्य प्रदाता उपस्थित थे।

# ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे इम्प्लाईज यूनियन आगामी 09 जुलाई को करेगी देशव्यापी आम हड़ताल

» केंद्र की सरकार मजदूरों क्रे हित में नई श्रम नीति क्रो लें वापस- रत्नेश वर्मा

बीएनएम। मोतिहारी



बुधवार को ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे इम्प्लाईज युनियन (निबंधन संख्या- 4065) क्रे द्वारा आगामी 09 जुलाई, 2025 क्रो भारत क्रे सभी ट्रेड यूनियनों क्रे द्वारा नई श्रम नीति क्रे विरोध स्वरूप किए जा रहे देशब्यापी आम हड़ताल क्रे समर्थन में किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों धरना प्रदर्शन, साँकेतिक आंदोलन, काली पट्टी लगाकर ड्यूटी करने आदि क्रो लेकर सेक्शन क्रे सभी रेलकर्मियों क्रे बीच रैली एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता रैली स्थानीय रामगढ़वा रेलवे स्टेशन क्रे नजदीक ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे इम्प्लाईज युनियन क्रे केंद्रीय/जोनल जॉइंट सेक्रेटरी रत्नेश वर्मा क्रे नेतृत्व मे आरम्भ हुआ। रत्नेश वर्मा ने कहा कि आज मजदूरों कि स्थिति बहुत हीं दयनीय है। कई ठेका मजदूरों क्रो न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिल पा रहा है। रेल कर्मचारियों पर जबरदस्ती निजीकरण/निगमीकरण थोपा जा रहा है। 55/30 क्रे सर्विस रिव्यू की पॉलिसी बनाई गयी है। सरकार क्रे द्वारा पहले NPS और अब UPS थोपा गया है। 29 श्रम संहिताओं क्रो हटाकर केवल 04 चार लेबर कोड लाकर केंद्र सरकार मजदूरों क्रे हितों पर कुठाराघात कऱ रही हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से मजदूरों क्रे हित में नई श्रम नीति क्रो वापस लेने क्री मांग क्री। सभा में सरकार क्री मजदूर विरोधी नीतियों क्रे विरोध में खूब नारेबाजी कि गयी। ECREU क्रे केंद्रीय/जोनल जॉइंट सेक्रेटरी रत्नेश वर्मा ने NPS - UPS को हटाकर O.P.S लागु करने कि मांग सरकार से की। उनके द्वारा बताया गया कि दिनांक- 09 जुलाई 2025 क्रो ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे इम्प्लांइज यूनियन क्रे द्वारा पुरे ECR जोन मे नई श्रम नीति, निजीकरण/निगमीकरण, NPS / UPS, 55/30 क्रे सर्विस रिव्यू, 14/2 काला क्रानून, सिग्नल विभाग में चल रहे चौबीसों घंटे की बन्धुआ मजदुरी, महिलाओं क्रो जबरदस्ती नाइट ड्यूटी में भेजनें क्रे विरुद्ध आंदोलन, धरना - प्रदर्शन, विरोध -प्रदर्शन आदि कार्यक्रम किया जायेगा। रैली क्रो सम्बोधित करते हुए ECREU दरभंगा शाखा क्रे अध्यक्ष लालबाबू पासवान ने कहा क्री हमें एकमात्र पुरानी पेंशन प्रणाली यानि O.P.S से कम कुछ भी मंजूर नहीं हैं। पुरे देश कि पेंशन प्रणाली एक हीं होनी चाहिए। आगे जोनल संयुक्त सचिव श्री वर्मा ने बताया कि पूंजीवाद और उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए चार नए श्रम कानून का गठन किया गया है। देश क्रे 29 श्रम कानून संहिताओं को बदलकर चार नए श्रम कानून बना दिए गए हैं। देश कि सरकार पार्ट पार्ट मे रेलवे को निजीकरण क्रे तरफ धकेल रही हैं। 1924 से लागु रेल बजट को आनन-फानन मे 2016 मे पूरी तरह से बंद कर दिया गया। NPS/UPS देश हित और कर्मचारी हित में नहीं है। इस कार्यक्रम में नई श्रम निती, NPS/UPS ऑप्शन पर जागरूकता, रेलवे कर्मचारी को मिलने वाली सुविधाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। वहीं दरभंगा शाखा सचिव राकेश पासवान ने कहा कि रेलवे मे कर्मचारियों कि भारी कमी हैं। रेलकर्मी पर अत्यधिक कार्य का बोझ हैं, जिसक्रे चलते हीं कर्मिगण लगातार रन -ओवर भी हो रहे हैं। रेल - लाइन पर कार्य करनेवाले सभी रेलकर्मी को जीवन रक्षक यन्त्र दिया जाना चाहिए तथा एक करोड़ क्रे जीवन बीमा का प्रावधान हो।पॉइंट्स मैन, गेटमैंन 12 घंटे, सिग्नल आर्टिज़न स्टॉफ 24 घंटे ड्यूटी कर रहे हैं। ड्यूटी रोस्टर हीं नहीं हैं। BOS क्रे अनुसार रेलकर्मियों कि भर्ती होनी चाहिए। इस कार्यक्रम में उपस्थित कर्मचारियों में रत्नेश वर्मा, संजय कुमार, रवि रौशन कुमार, संनोज कुमार, रामनाथ राम, मनीष कुमार, सोनालाल कुमार, सुरेंद्र राम, रंजन कुमार, राजकिशोर कुमार, हरिओम कुमार, अंगद कुमार सिंह, शत्रुघ्न शाह, प्रणव कुमार, दीपक कुमार, प्रभात कुमार, मनोज कुमार, भरत बैठा, गणेश यादव, राकेश पासवान, शिवम् कुमार, साजन कुमार, मो. शेराजुल अंसारी, मनीष कुमार, जैन्त कुमार राम, कृष्णा कुमार, लालबाबू पासवान, मो. अब्दुल्लाह कादरी सहित अन्य शामिल रहे।

# "पढ़ाई, कमाई, दवाई और सामाजिक न्याय" के सवाल पर अरेराज की सड़कों पर उतरी कांग्रेस, पदयात्रा के ज़रिए सरकार को दी चेतावनी

बीएनएम। मोतिहारी




पूर्वी चंपारण ज़िला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में बुधवार को जिला के अरेराज में एक ऐतिहासिक और जनसरोकार से जुड़ी पदयात्रा निकाली गई, जिसका मुख्य उद्देश्य था – देश और बिहार में शिक्षा, रोज़गार, स्वास्थ्य एवं सामाजिक न्याय जैसे बुनियादी मुद्दों पर जनता को जागरूक करना और सरकार की विफलताओं को उजागर करना। यह पदयात्रा कांग्रेस पार्टी के उस राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है जिसमें जनता के असल मुद्दों को केंद्र में रखकर जनसंपर्क, जनसंवाद और जनजागरण की रणनीति अपनाई जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत जनेरवा से हुई और यात्रा नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाज़ार क्षेत्रों से होते हुए गांधी चौक, अरेराज तक पहुँची और महात्मा गांधी जी को माल्यार्पण पर पदयात्रा को समापन किया गया। इस दौरान जगह-जगह आम जनता ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और अपनी समस्याएँ खुलकर साझा कीं। इस पदयात्रा में विशेष रूप से शामिल हुए बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी मो. शाहिद ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि आज देश और राज्य का नौजवान हताश है। ना रोजगार है, ना शिक्षा की गारंटी, और ना ही गरीबों के लिए सुलभ इलाज की व्यवस्था। भाजपा सरकार ने सिर्फ जुमलों और इवेंटबाज़ी से शासन किया है, जबकि ज़मीनी हकीकत में अराजकता, बेरोजगारी और बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था का बोलबाला है। कांग्रेस पार्टी अब इस चुप्पी को तोड़ने और युवाओं, महिलाओं, किसानों और वंचित वर्गों के अधिकारों की बहाली के लिए सड़कों पर उतर चुकी है।" उन्होंने कहा कि ये पदयात्रा महज़ एक राजनीतिक शो नहीं, बल्कि जनअधिकार आंदोलन की शुरुआत है। आने वाले समय में यह संघर्ष गाँव-गाँव, पंचायत-पंचायत तक फैलेगा। वहीं जिला कांग्रेस कमिटी पूर्वी चंपारण के अध्यक्ष ई. शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने कहा कि आज गरीब की संतान स्कूल नहीं जा पा रही है। बेरोज़गार युवा दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, सरकारी अस्पतालों में दवा नहीं और आरक्षण की नीति को पीछे धकेला जा रहा है। भाजपा-जेडीयू की यह सरकार सिर्फ अमीरों के लिए काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी गरीब, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, किसान और श्रमिक वर्ग की आवाज़ बनकर मैदान में उतर चुकी है। उन्होंने कहा कि "हमारी यह पदयात्रा एक चेतावनी है। अगर सरकार ने जनविरोधी नीतियाँ नहीं बदलीं, तो कांग्रेस पार्टी जनआंदोलन छेड़ेगी और हर गली, हर पंचायत में 'जन अधिकार चौपाल' और जन सत्याग्रह शुरू किया जाएगा।

**जनसमर्थन और प्रमुख माँगें:**

इस पदयात्रा में हज़ारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवा छात्र-छात्राओं, महिलाओं और सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान निम्नलिखित मुख्य माँगें प्रमुखता से उठाई गईं:

- युवाओं को उनके योग्यता के अनुरूप नौकरी व स्वरोज़गार का अवसर
- गाँव-गाँव तक सुलभ व निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ
- सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था
- महंगाई पर नियंत्रण और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई
- जातीय जनगणना के आधार पर सामाजिक न्याय की पुनर्संरचना
- गरीब, पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग को समान अवसर और सम्मान

अंत में जिलाध्यक्ष ई. गप्पू राय ने सभी कार्यकर्ताओं और आम जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "कांग्रेस का संघर्ष केवल सत्ता के लिए नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकार की लड़ाई है। इस मौके पर जिला युवा प्रभारी ओमप्रकाश कुशवाहा, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रो. विजय शंकर पाण्डेय, बिट्टू यादव, सतेन्द्र नाथ तिवारी, बजेन्द्र तिवारी, अनिल सिंह, दिग्विजय सिंह, पप्पू रंजन मिश्रा, बाबुनंद यादव,रविन्द्र नाथ तिवारी, मंगल राम, इम्तेयाज अहमद सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने सुगौली विधानसभा का किया निरीक्षण

बीएनएम। मोतिहारी



निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सुगौली सह अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी श्वेता भारती के द्वारा बुधवार को सुगौली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी के द्वारा गणना प्रपत्र के वितरण कार्य का धरातल पर जाकर जायजा लिया गया उनसे बात की गई एवं आम मतदाताओं से बात कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे हैं गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गई एवं इसमें उन्हें भरपूर सहयोग करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि यह पुनरीक्षण एक तरह का सत्यापन है जिसमें सभी योग्य मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसलिए सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी मतदाता सूची 2003 के आधार पर गणना प्रपत्र भरवाने में आपका सहयोग करेंगे। आप सभी मतदाता गणना प्रपत्र भरकर उसे पर हस्ताक्षर कर अपने अपने मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी को सौंप दें जिनके द्वारा इसे ऑनलाइन ऐप के माध्यम से अपलोड कर दिया जाएगा।

# बायोफ्यूलस सुगौली ने किया कैंप का आयोजन

बीएनएम। मोतिहारी



जिले के सुगौली स्थित एचपीसीएल बायोफ्यूल्स लिमिटेड ईकाइ ने बुधवार को मुख्यमंत्री गन्ना विकास योजना 2025- 26 के अंतर्गत गन्ना यंत्रीकरण योजना में कृषि यंत्रों की ख़रीद पर अनुदान प्राप्त करने हेतु गन्ना कृषकों को मिलने वाले अनुदान के लिए कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर रमेश शुक्ला कार्यवाहक महाप्रबंधक की देखरेख में बड़ी संख्या में किसानो ने योजना के लाभ लेने के लिए ऑन लाईन अप्लाई किया इकाई के आईटी प्रबंधक आर के राव, गन्ना प्रबंधक संजीव कुमार, गन्ना अधिकारी अमित कुमार सिंह, रणजीत सिंह, अजय कुमार शर्मा सहित मिल प्रबंधन के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कैंप में बिहार सरकार, गन्ना उद्योग विभाग के सहायक निदेशक सह सहायक ईख आयुक (मुख्यालय) वेदव्रत कुमार ने किसानों से अपील किया कि गन्ना उद्योग विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत सब्सिडी पर मिलने वाले कृषि यंत्रों को प्राप्त करने हेतु चीनी मिल क्षेत्र के किसान अधिक से अधिक पंजीकरण कराए और योजना का लाभ उठाएं। उनके इस आग्रह पर किसानों में उत्साह दिखाई दिया। सैकड़ों किसानों की भीड़ ऑन लाईन आवेदन करने के लिए मिल में एकत्र हुए।कैंप के दौरान चार कम्प्यूटर केंद्र बनाये गये थे। जिसमे किसानो का ऑन लाइन आवेदन लिया गया।

# मोतिहारी प्रीमियर लीग टी-20क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए ट्रॉफी का अनावरण

बीएनएम। मोतिहारी




जिला मुख्यालय मोतिहारी के राजाबाजार स्थित खेल भवन सभागार में बुधवार को मोतिहारी प्रीमियर लीग(एमपीएल) क्रिकेट टी-20 के लिए ट्रॉफी का अनावरण किया गया।बीसीए गवर्निंग काउंसिल कन्वेनर ज्ञानेश्वर गौतम,इसीडीसीए सचिव रवि राज,टूर्नामेंट कमिटी के अध्यक्ष विजय यादव,कोषाध्यक्ष रहमान खान,मीडिया प्रभारी प्रीतेश रंजन ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी का अनावरण किया। मौके पर टूर्नामेंट कमिटी के सदस्यों ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि मोतिहारी में पहली बार आईपीएल के तर्ज पर इस तरह का टूर्नामेंट का आयोजन किया गया हैं जिसमे 6 टीम व 120 खिलाड़ी शिरकत करेंगे।एमपीएल के सभी मैच 4 जुलाई से 16 जुलाई के बीच खेले जाएंगे। 6 टीम क्रमशः राधाकृष्ण चैंपियन, हरसिद्धि लायंस, चम्पारण वॉरियर्स, पुष्पा टाइगर्स, इनायत वॉरियर्स और सुनील एलेवन के बीच 19 मैच खेले जाएंगे। लीग राउंड के आधार पर सभी मैच मोतिहारी गाँधी मैदान के ग्राउंड-3 पर दो शिफ्ट में खेला जाएगा।पहले शिफ्ट के मैच सुबह 8 बजे से 11 बजे तक व दूसरे शिफ्ट के मैच 2 बजे से 5 बजे के बीच खेला जाएगा। सभी मैचों का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।मौके पर आयोजन समिति के सदस्य गुलाब खान,सूरजभान,वरिष्ठ खिलाड़ी विश्वनाथ प्रसाद,महफूज रहमान खान,मुकेश कुमार,अभिषेक कुमार छोटू, बीसीए पैनल के अम्पायर वेदप्रकाश, इब्राहिम लोधी,विनय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आगामी 05 जुलाई को एक दिवसीय जॉब कैंप सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का होगा आयोजन

**बीएनएम। मोतिहारी।** जिला नियोजनालय कैंपस में आगामी 05 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में Welspun India limited द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन मशीन ऑपरेटर/हेल्पर पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 10 वीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा पास आवश्यक है। उम्र पुरुष 18-35 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल गुजरात में होगा और मानदेय 16000 से 22000 CTC निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी जैसे- आवास, मेस, पीएफ, मेडिकल, बोनस। इस जॉब कैंप मे कुल - 50 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

### हत्या मामले में पीड़ित परिवार से मिली भाकपा माले की टीम, शीघ्र गिरफ्तारी व स्पीडी ट्रायल की मांग

**बीएनएम। तुरकौलिया।** सपही सागरा टोला गांव में एक सप्ताह पूर्व इलाज के दौरान हुई सूर्यमणि राम की संदिग्ध मौत के मामले में शनिवार को भाकपा माले की तीन सदस्यीय जांच टीम पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची। मृतक सूर्यमणि के पिता सहदेव राम के घर पहुंचकर टीम ने घटना की पूरी जानकारी ली और प्रशासन से शीघ्र न्याय की मांग की। ज्ञात हो कि सूर्यमणि की मौत 24 जून की रात पटना एम्स में इलाज के दौरान हो गई थी। परिजनों ने गांव के ही आधा दर्जन से अधिक लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। मृतक की मां द्वारा दिए गए आवेदन पर रघुनाथपुर थाने में सात नामजद लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई थी। इनमें से पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पांच अब भी फरार हैं। भाकपा माले की टीम में शामिल जिला नेता शम्भू यादव, प्रखंड सचिव कॉमरेड विशेश्वर कुशवाहा और केंद्रीय कमिटी के सदस्य कॉमरेड राजेश कुमार ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर प्रशासनिक कार्रवाई की समीक्षा की। शम्भू यादव ने बताया कि परिजनों ने आरोप लगाया है कि गांव के ही कुछ लोगों ने सूर्यमणि के सिर और गर्दन पर लाठियों से हमला किया था, जिससे गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसकी मौत हो गई। टीम ने आरोप लगाया कि घटना के एक सप्ताह बाद भी पांच आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहा है। टीम ने मोतिहारी एसपी से मांग की कि सभी फरार अभियुक्तों की अविलंब गिरफ्तारी की जाए और पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए। टीम ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो भाकपा माले इस मामले को लेकर आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने डबल इंजन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग डरे-सहमे हुए हैं। हत्या, लूट और अपराध के मामलों में तेजी आई है और अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण उनका मनोबल बढ़ता जा रहा है।

### ताला तोड़ 15 हजार नगद व अन्य सामानों की चौरी

**बीएनएम। वाल्मीकि नगर ।** वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने एक चायनाश्ता व भोजनालय की दुकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर दुकान में रखे कीमती सामान एवं 15,000 नकद राशि पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना देर रात की है जब बाजार क्षेत्र स्थित एक चायनाश्ता व खाना परोसने वाली दुकान बंद थी। चोरों ने सुनसान मौके का फायदा उठाते हुए दुकान का मुख्य ताला तोड़ा और भीतर प्रवेश कर गए। दुकान में रखे गैस सिलेंडर, बर्तन, खानेपीने का स्टॉक और लगभग 15,000 नगद चुरा लिए गए।दुकान मालिक ने सुबह आकर जब दुकान की हालत देखी तो उनके होश उड़ गए। तत्काल स्थानीय थाना में सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। व्यवसायी वर्ग का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्ती की कमी है, जिसके कारण चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाई जाए और जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी हो।दुकानदार ने लिखित रूप में वाल्मीकि नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।स्थानीय लोगों की मांगःबाजार क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए।पुलिस की गश्ती व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। चोरी की लगातार हो रही घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।इस घटना ने न केवल दुकानदारों में भय का माहौल पैदा कर दिया है, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया है कि क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत है।

### हाइवा और बाइक में आमने सामने टक्कर , चालक घायल

**बीएनएम। जमुई / झाझा।** थानाक्षेत्र के सर्किल नम्बर करहरा बोड़वा मुख्य मार्ग स्थित दुहरपहड़ी के पास हाइवा और बाइक में आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें दोनो वाहन चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। कुछ लोगो ने घटना देखकर हो हल्ला मचाया और एक घायल की पहचान होने पर उसके परिजनों को सूचना दिया गया जिसके बाद मौजूद लोगों ने गम्भीर रूप से दोनो घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां डॉक्टर ने दोनो घायलों का इलाज किया लेकिन दोनो की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई थी जिसके बाद दोनों घायलों को डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। घायल बाइक चालक की पहचान थानाक्षेत्र के कठबजरा गांव के रहने वाले वीरेंद्र यादव के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि वीरेंद्र पैरगाहा गांव में वार्षिक काली पूजा में निमंत्रण में गया था जहां से प्रसाद ग्रहण कर वापस घर लौट रहा था। जबकि हाइवा चालक इस घटना में पूरी तरह बेहोशी की हालात में पड़े रहने के कारण उसकी पहचान नही हो सका।

# हार्डवेयर व्यवसायी कामता मिश्रा गोली कांड का मुख्य शूटर गिरफ्तार

## मादक पदार्थ एवं पिस्टल सहित जिंदा कारतूस बरामद



बीएनएम। मोतिहारी

जिले के हरसिद्धि थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने गायघाट के हार्डवेयर व्यवसायी कामता मिश्रा गोलीकांड के मुख्य शूटर को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत गायघाट चौक स्थित अपना हार्डवेयर के मालिक कामता मिश्रा को तीन अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मार दी गई थी, जिसमें कामता मिश्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। इस काण्ड में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी ने मानवीय सुचना एवं तकनीकी अनुसंधान करते हुए मुख्य षड्यंत्रकारी में से एक अभियुक्त अमित श्रीवास्तव को जेल भेजा गया था।वही बुधवार की सुबह इस काण्ड के मुख्य शूटर अंकित कुमार पिता रामु सिंह ग्राम कुम्हार थाना-फेनहारा को बैरियाडीह से गिरफ्तार किया गया तथा इसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल 2 जिंदा गोली एवं 1 किलो 800 ग्राम चरस बरामद किया गया। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि पैसे के लेन देन के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया। शूटर अंकित को घटना के उपरांत मिलने वाले पैसे से नई बाइक खरीदने का प्लानिंग में था। अन्य शूटर एवं षड्यंत्रकर्ता के विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। पकड़े गए शूटर का अपराधिक इतिहास है। इसके विरूद्ध बंजरिया थाना में कई एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

## पानी में डूबने से बच्ची की मौत



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस

बीएनएम। बेतिया

बैरिया थाना क्षेत्र के पखनाहा डुमरिया पंचायत के मुसहर टोली के पास खेत के गड्ढे में लगे पानी में डूबने से करीब 2 वर्षीया बच्ची की मौत मंगलवार के शाम हो गई हो गई है। घटना के बाद गांव में अपरा तफरी मच गई। सूचना मिलते हैं मोबाइल 112 की पुलिस घटनास्थल पहुंच गई । बताया जाता है कि राहुल मांझी की बेटी रितु कुमारी (2) शाम में एकाएक घर से बाहर निकली। उसी क्रम में वह बगल के खेत में लगे पानी में गिर पड़ी। गिरने के बाद डूबने से उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि उक्त खेत के पानी निकासी को कतिपय लोगों द्वारा घेर दिया गया है। जिससे बगल के खेत में पानी जमा हो गया था। परिजनों का कहना है कि बच्ची की काफी खोजबीन की गई । बाद में उसका शव युक्त खेत में लगे पानी से निकल गया। उक्त शव को पुलिस पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया है । घटना के बाद मुसहर टोली गांव में परिजनों के चित्कार गूंजने लगा । मालूम हो कि राहुल मांझी की शादी 3 वर्ष पहले पिंकी देवी से हुई है थी। रितु कुमारी एक मात्र बच्ची ही है। जिसको लेकर गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है । बताया जाता है कि इन दोनों को यही एक मात्र संतान थी । जो आज पानी में डूबने से मर गई है। बच्ची की मां रो रो कर बेहोश हो जा रही थी।

## मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



बीएनएम। तुरकौलिया

आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर स्थानीय थाना परिसर में एक शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सर्किल इंस्पेक्टर मुन्ना कुमार ने की। थानाध्यक्ष सुनील कुमार एवं अपर थानाध्यक्ष रवि रंजन कुमार की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार, जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस अनिवार्य होगा। जुलूस केवल निर्धारित रूट से ही करबला तक निकाले जा सकेंगे। पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि जुलूस के दौरान किसी प्रकार के धारदार या नुकिले हथियारों का प्रदर्शन व हथियार लहराना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही, डीजे बजाने पर भी पूरी तरह रोक रहेगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई और आम लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। पुलिस द्वारा यह भी बताया गया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की गई, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष अजय यादव, मुखिया सुनील कुमार, कमरुज़्ज़ामा, वाजुल हक, सरपंच मनोज प्रसाद, मुन्ना दुबे, अजमल कमाल, संदीप कुमार, कलाम अंसारी सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे। सभी ने प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया।

## मुहर्रम और महावीरी आँखाडा में नहीं निकलेगा रात्रि में जुलूस एसडीएम

» रात्रि में जुलूस निकालने वाले पर होगी कार्यवाई एसडीपीओ
» डीजे और हथियार प्रदर्शन पर रहेगा पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध एएसपी

बीएनएम। बगहा

बगहा अनुमण्डल सभागार में अनुमण्डल पदाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता और रामनगर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी ए एस पी दिव्यांजली जायसवाल व बगहा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कुमार देवेन्द्र की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बगहा अनुमण्डल क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष और जन प्रतिनिधि के साथ मुहर्रम पर्व को निर्विवाद समापन कराने के लिए सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि मुहर्रम और महावीरी आँखाडा में रात्रि में जुलूस नहीं निकाला जाएगा। जबकि पूरे जिले में पूर्व से ही सरकारी निर्देश के आलोक में रात्रि जुलूस को प्रतिबंधित किया गया है। जुलूस में डीजे बजाने, घातक हथियार प्रदर्शन, नशे की हालत में जुलूस में शामिल होने पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध रहेगा। इस अवसर पर समाजसेवी तबरेज आलम सहित दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे। दुसरी तरफ मुहर्रम पर्व को लेकर चौतरवा थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक संजय कुमार पाठक की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न की गई। प्रभारी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि मुहर्रम पर्व शांति सदभाव का प्रतीक है। उन्होंने शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने की अपील की। मुहर्रम पर्व में डीजे पर पाबंदी रखने की बात करते हुए कहा कि पर्व के दिन कोई भी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाला नारा नही लगाए। शांति व्यवस्था को कायम रखना हर ग्रामीण कर्तव्य है। लोग झूठी अफवाह से बचे और झूठी अफवाह फैलाने वाले लोगों की जानकारी पुलिस प्रशासन को दे। इस अवसर पर लोजपा के जिलाध्यक्ष वृजेश्वर राव, पूर्व मुखिया विन्दवासनी प्रसाद, मो इमरान समेत दर्जनों की संख्या में लोग शामिल रहे।



शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोग

# जिले में सबसे पहले गणना फॉर्म अपलोड करने वाले बीएलओ बने विकास, मन्नान और तारकेश्वर

» डीएम व ईआरओ ने दी बधाई, मतदाताओं से सत्यापन की अपील

बीएनएम। मोतिहारी









विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 के तहत जिले में सबसे पहले गणना फॉर्म अपलोड करने वाले बीएलओ के रूप में हरसिद्धि के विकास कुमार, कल्याणपुर के अब्दुल मन्नान और पिपरा के तारकेश्वर दुबे का नाम सामने आया है। तीनों बीएलओ ने बीएलओ ऐप पर सबसे पहले फॉर्म अपलोड कर जिले के अभियान को रफ्तार दी। मंगलवार की शाम से बीएलओ ऐप पर फॉर्म अपलोड करने की सुविधा शुरू की गई थी। विकास कुमार हरसिद्धि विधानसभा के बूथ संख्या 129, अब्दुल मन्नान कल्याणपुर के बूथ संख्या 177 और तारकेश्वर दुबे पिपरा के बूथ संख्या 168 के बीएलओ हैं। इनकी इस तत्परता पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, संबंधित ईआरओ और उप निर्वाचन पदाधिकारी सरफराज नवाज ने तीनों को बधाई दी है। डीएम ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे बीएलओ द्वारा वितरित गणना फॉर्म को भरकर समय पर सत्यापन कराएं। उन्होंने बताया कि बीएलओ पहले 2003 की मतदाता सूची से नाम का मिलान करेंगे। नाम की पुष्टि होने पर वही मान्य होगा। इसके अलावा आयोग ने 11 अन्य दस्तावेजों को भी मान्यता दी है। डीएम ने बताया कि कोई भी मतदाता voters.eci.gov.in पोर्टल से फॉर्म डाउनलोड कर स्वयं भी अपलोड कर सकता है।

## जिला स्थापना दिवस पर होंगे कई कार्यक्रम



केआरके मैदान एवं नगर भवन का जायजा लेते डीएम व अन्य

» लखीसराय में आज धूमधाम से मनाया जाएगा 32वां स्थापना दिवस

बीएनएम। लखीसराय

जिले के स्थापना की 32वीं वर्षगांठ 3 जुलाई को पूरे हर्षोल्लास और सांस्कृतिक रंग में डूबी हुई धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से इसकी भव्य तैयारी की गई है। मुख्य कार्यक्रम के.आर.के. मैदान और नगर भवन परिसर में आयोजित होंगे। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों द्वारा कुल 22 स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें से दो स्टॉल खानेपीने के होंगे जो प्रवेश द्वार पर मौजूद रहेंगे। शेष स्टॉलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उत्पाद, जिला निबंध एवं परामर्श केंद्र, कलासंस्कृति, निर्वाचन, जीविका, खेल, सौर ऊर्जा (पीएम सूर्य घर), नगर परिषद, अग्नि शमन, जिला अग्रणी बैंक, ग्रामीण विकास अभिकरण, परिवहन, उद्योग केंद्र, सूचना एवं जनसंपर्क आदि विभाग अपनी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी देंगे।

### अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

बुधवार को जिलाधिकारी मिथलेश मिश्र, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, डीआरडीए निदेशक नीरज कुमार एवं अन्य वरीय अधिकारियों ने केआरके मैदान और नगर भवन का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल की तैयारी का जायजा लिया। सभी अधिकारियों ने संबंधित विभागों को अंतिम रूप से बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने का निर्देश दिया। स्थापना दिवस के दिन की शुरुआत सुबह 7 बजे प्रभात फेरी से होगी, जो आर. लाल कॉलेज से निकलकर गांधी मैदान तक जाएगी। इसके बाद 8 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन जमुई मोड़ से केआरके मैदान तक किया जाएगा। 10:30 बजे केआरके मैदान में सभी विभागीय स्टॉलों का उद्घाटन एवं अवलोकन होगा। 11 बजे नगर भवन में उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक निबंध, पेंटिंग, खेलकूद, मेहंदी और रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं होंगी, जो टाउन हॉल परिसर में होंगी। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शाम 6 बजे से भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के प्रतिभाशाली कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर उद्घाटनकर्ता और मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री श्रीमती शीला मंडल करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद श्री प्रहलाद यादव, विधायक श्री संजीव कुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती अंशु देवी, नगर परिषद अध्यक्ष श्री अशोक पासवान और विधान पार्षद श्री अजय कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। इन सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति जिलेवासियों के लिए गौरव का विषय होगा।

# परिवहन ऑफिस के तीन पदाधिकारी-कर्मी सहित चार दलालों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज

बीएनएम। बेतिया



पश्चिम चंपारण जिला प्रशासन को विगत दिनों मीडिया एवं अन्य माध्यमों से एक वायरल ऑडियो संज्ञान में आया, जिसमें परिवहन कार्यालय, पश्चिम चम्पारण में पदस्थापित मोटरयान निरीक्षक एवं अन्य कर्मी द्वारा अनैतिक कृत्य किए जाने संबंधी वार्ता थी। जिला के जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा इसे अत्यंत गम्भीरता से लेते हुए वायरल ऑडियो की सत्यता हेतु त्रि-सदस्यीय कमिटि का गठन करते हुए मामले की जांच कराई गई। उक्त मामले में त्रि-सदस्यीय कमिटि के द्वारा जांचोंपरात वायरल ऑडियो में दर्ज अवैध लेन-देन की बात को प्रथम दृष्टया सत्य प्रतिवेदित करते हुए पूरे मामले में पुजा कुमारी, मोटरयान निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया एवं जिला परिवहन कार्यालय के अन्य कर्मियों की संलिप्तता प्रतिवेदित किया गया। बुधवार को प्रतिवेदन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार के द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया को वायरल ऑडियो एवं जांच दल के प्रतिवेदन में अंकित सभी लोगों के विरूद्ध नाम सहित भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया गया। साथ ही सरकारी पदाधिकारी/कर्मियों के विरूद्ध निलम्बन की अनुशंसा के साथ प्रपत्र-क गठित करने का आदेश दिया गया। उक्त का अनुपालन करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के द्वारा पुजा कुमारी, मोटरयान निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया, संतोष दास, मोटरयान निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया सम्प्रति प्रतिनियुक्त परिवहन विभाग, बिहार, संजय राव, तत्कालीन लिपिक, जिला परिवहन कार्यालय सम्प्रति भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, बगहा एवं इस प्रकरण में संलिप्त बिचौलियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निदेश दिया गया कि सभी कर्मी और पदाधिकारी सौंपे गए दायित्वों का निष्पापूर्वक निर्वहन करें। भ्रष्टाचार संबंधी किसी भी प्रकार की पुष्ट और साक्ष्य आधारित शिकायत मिलने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## चिन्हित बेसहारा बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र निर्गत कराने के उपरांत आधार कार्ड बनाने के लिए लगाया जाएगा शिविर

बीएनएम। मोतिहारी

प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण के द्वारा बताया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में इंप्लीमेंटेशन ऑफ SAATHI कैंपेन डॉक्यूमेंट-सर्वे ऑफ आधार एंड एक्सेस टू ट्रैकिंग एंड हॉलिस्टिक इंक्लूजन के आलोक में किए गए सर्वे में चिन्हित बेसहारा बच्चों को जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने के उपरांत आधार कार्ड बनाने के लिए शिविर आयोजन के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोतिहारी, तुरकौलिया, बंजरिया, चकिया एवं नगरी नगर निगम को पत्र के माध्यम से कैंप लगाने का निर्देश दिया गया है। इसके अनुसार 3 जुलाई से 9 जुलाई 2025 तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छोटा बरियारपुर में, 5 जुलाई को चकिया प्रखंड एवं तुरकौलिया प्रखंड परिसर में, 6 जुलाई से 11 जुलाई तक बंजरिया प्रखंड परिसर में, 10 जुलाई से लेकर 16 जुलाई तक सदर प्रखंड मोतिहारी के परिसर में 14 जुलाई से 16 जुलाई तक नगर निगम मोतिहारी तथा 12 जुलाई से 13 जुलाई तक समाहरणालय कैंपस के पुराना हाजत के पास कैंप लगाने का निर्देश दिया गया है। उक्त कैंपों में चिन्हित बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने के उपरांत आधार कार्ड बनाया जाएगा।

# ट्रंप को नोबेल नामित

**पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम की सिफारिश नोबेल शांति पुरस्कार-2026 के लिए की है। हालांकि ट्रंप ने कहा है कि वह कुछ भी कर लें उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। ट्रंप पिछले दिनों भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद के बाद कई दफा दावा कर चुके हैं कि उन्होंने ही दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रुकवाया था। हालांकि भारत सरकार ने उनके इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया। पिछले दिनों ट्रंप ने पाकिस्तान के कथित फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को दावत पर बुलाया था और उसके तीन दिन बाद ही शनिवार को पाकिस्तान सरकार ने कहा कि भारत के साथ संघर्ष में ट्रंप का हस्तक्षेप एक वास्तविक शांतिदूत के रूप में उनकी भूमिका और बातचीत के माध्यम से संघर्ष समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ट्रंप ने हाल के समय में कई जगहों पर संघर्षरत देशों के बीच संघर्ष समाप्त करने में पहल की बातें कही हैं। रूस-यूक्रेन के बीच काफी समय से चले आ रहे युद्ध को रुकवाने की भी कोशिश की। यूक्रेन के राष्ट्रपति को बुला कर झिड़का भी, लेकिन युद्ध अभी तक थमा नहीं है। ट्रंप ने कहा कि वह कांगो और रवांडा के बीच संघर्ष को रोकने लिए अद्भुत संधि करा रहे हैं। ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार की लालसा को अरसे से अपने दिल में पाले हुए हैं, लेकिन वैश्विक घटनाक्रम के मद्देनजर उनकी लालसा पूरी होती दिखलाई नहीं पड़ रही। बीते चौबीस घंटे का घटनाक्रम तो एकदम से उनकी इच्छा पर कड़ा आघात करने वाला रहा। अमेरिका ने युद्धरत ईरान और इजरायल के बीच तनाव को कम करने की बात तो कही, मगर रविवार तड़के इजरायल की तरफ से ईरान पर बम डाल कर ईरान के तीन सामरिक ठिकाने नष्ट कर दिए। इस हरकत को युद्ध रुकवाने का कार्य तो नहीं ही कहा जा सकता। शांति तो वार्ता की टेबल पर होती है, लेकिन हमलावर होकर एक पक्ष का साथ देते हुए दूसरे पक्ष को शस्त्रविहीन कर देना शांति स्थापना करार नहीं दिया जा सकता। वैसे भी पाकिस्तान ने भले ही शांति के नोबेल के लिए ट्रंप को नामित करने की बात कही है, लेकिन उसके अपने देश में ही इसका तीव्र विरोध शुरू हो गया है।**

# आतंकवाद पर वैश्विक मौन अस्वीकार्य



योगेश कुमार गोयल

चीन के किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्रियों की बैठक इस बार भारत की आक्रामक और स्पष्ट कूटनीतिक रणनीति की स्पष्ट साक्षी बनी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से जब यह कहते हुए इनकार कर दिया कि उसमें आतंकवाद जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया गया है तो यह भारत का केवल एक औपचारिक विरोध नहीं, बल्कि भारत की सुरक्षा प्राथमिकताओं और कूटनीतिक दृढ़ता का स्पष्ट संकेत था। इस विरोध के जरिये उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल प्रतीकात्मक भाषणों और कूटनीतिक शिष्टाचारों से आगे बढ़ चुका है। भारत का संदेश दृढ़ है कि आतंकवाद को सामान्य नहीं माना जा सकता। भारत के इस फैसले को चीन और पाकिस्तान के लिए बड़ा कूटनीतिक झटका माना जा रहा है। भारत का यह कदम एससीओ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर दोहरे मापदंडों के खिलाफ खासकर उन देशों के लिए एक चेतावनी है, जो आतंकवाद को अपने रणनीतिक हितों के लिए एक औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। भारत ने साफ कर दिया कि आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति केवल शब्दों तक सीमित नहीं है बल्कि उसके व्यवहार में भी प्रतिबिंबित होती है। भारत का यह कदम पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग करने की रणनीति का हिस्सा तो है ही, चीन को भी यह स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने सुरक्षा हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। एससीओ की बैठक में राजनाथ सिंह की टिप्पणी, ''आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है'' और ''जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं या उसे पनाह देते हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए'', सीधे तौर पर पाकिस्तान की ओर संकेत था, हालांकि उन्होंने उसका नाम नहीं लिया। दक्षिण एशिया पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के कारण ही दशकों से अस्थिरता और हिंसा से जूझ रहा है और अब भारत इस खतरे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर और मुखरता से उजागर कर रहा है। भारत की इस बार की विशेष आपत्ति पहलगाम हमले को लेकर थी। यह हमला लश्कर-ए-तैयबा की सहायक इकाई 'टीआरएफ' (द रेजिस्टेंस फ्रंट) द्वारा किया गया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे। भारत ने एससीओ के मसौदा दस्तावेज में इस हमले का उल्लेख नहीं किए जाने को गंभीर चूक नहीं बल्कि एक सोची-समझी रणनीति माना, जिसके पीछे पाकिस्तान को बचाने की कोशिश साफ दिखती है। भारत का यह रुख अचानक नहीं बना बल्कि यह उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें भारत हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग की बात करता रहा है और दोहरे मानदंडों को उजागर करता रहा है। इससे पहले भी भारत ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल होने से इनकार कर दिया था क्योंकि उसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) को शामिल किया गया था, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करता है। एससीओ की स्थापना 2001 में चीन, रूस, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और कजाखस्तान के साथ हुई थी। हालांकि इसकी जड़ें 'शंघाई फाइव' से जुड़ी हैं, जो 1996 में चीन, रूस तथा तीन मध्य एशियाई गणराज्यों द्वारा सीमा सुरक्षा विश्वास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया एक समूह है। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने। इस संगठन का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियान, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संवाद था परंतु बीते वर्षों में यह मंच धीरे-धीरे चीन और पाकिस्तान के राजनीतिक एजेंडे का उपकरण बनता गया है। आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर इस संगठन की चुप्पी उसकी प्रासंगिकता पर प्रश्नचिह्न लगा रही है। इस बार के संयुक्त घोषणापत्र में ब्लूचिस्तान में कथित आतंकी घटनाओं का उल्लेख तो किया गया लेकिन पहलगाम जैसे जघन्य हमले को अनदेखा किया गया। भारत ने इसे पाकिस्तान के आरोपों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर वैधता देने की साजिश बताया। ब्लूचिस्तान में विद्रोही गतिविधियां वहां के लोगों की आत्मनिर्णय की मांग से जुड़ी हैं, जिन्हें पाकिस्तान भारत-प्रायोजित आतंकवाद कहकर गुमराह करने की कोशिश करता है। चीन, जो सीपीईसी के माध्यम से ब्लूचिस्तान में भारी निवेश कर रहा है, पाकिस्तान के इन दावों का समर्थन करता रहा है। यही कारण है कि भारत को इस घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से स्पष्ट इनकार करना पड़ा।यह पहली बार नहीं है, जब भारत ने एससीओ में ऐसा सख्त रुख अपनाया हो। बिश्केक (2019) और अस्ताना (2024) में भी भारत ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं हो सकता। हालांकि उस समय भारत ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। परंतु इस बार की परिस्थिति अलग थी। इस बार एक ऐसा हमला हुआ था, जिसमें निर्दोष नागरिकों की जान गई और उसे एससीओ की बैठक में पूरी तरह अनदेखा कर दिया गया। भारत का यह कड़ा रुख केवल एससीओ तक सीमित नहीं है। हाल ही में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान



के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए। भारत का यह स्पष्ट संदेश था कि अब वह आतंकवाद के केंद्रों को उनकी सीमा में घुसकर खत्म करने से भी नहीं हिचकिचाएगा। यह संदेश भी चीन और पाकिस्तान के लिए था कि भारत अब केवल शब्दों में नहीं बल्कि कार्यों में भी आक्रामक कूटनीति अपना रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के रक्षामंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान भी स्पष्ट किया कि विश्वास-निर्माण तभी संभव है, जब चीन एलएसी पर अतिक्रमण की अपनी नीतियों को छोड़े और भारत की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से ले। दोनों पक्षों ने सैन्य हॉटलाइन बहाल करने पर विचार किया लेकिन भारत ने यह भी जता दिया कि यह केवल दिखावटी बातचीत नहीं होनी चाहिए। भारत के इस सख्त रुख का एक और आयाम है, बिना उलझाव के संरेखण की नीति। भारत न किसी गुट का हिस्सा बनना चाहता है, न किसी के हितों का औजार। वह केवल अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर बहुपक्षीय मंचों पर भाग लेता है और किसी भी ऐसे दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं करता, जो उसकी संप्रभुता, सुरक्षा या वैचारिक सिद्धांतों से टकराव रखता हो। यह नीति भारत को एक स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर और रणनीतिक रूप से परिपक्व राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करती है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत वैश्विक समर्थन जुटाने की दिशा में भी काम कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध समिति में भारत लगातार मांग करता रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और टीआरएफ जैसे संगठनों को ब्लैकलिस्ट किया जाए। चीन ने कई बार तकनीकी आपत्ति लगाकर इन प्रयासों को विफल किया है लेकिन भारत ने अपने प्रयासों को कभी धीमा नहीं किया। एससीओ की इस बार की बैठक का सबसे बड़ा संदेश यही है कि भारत अब 'सामूहिक सहमति' की कीमत पर अपने 'राष्ट्रीय हितों' की बलि नहीं चढ़ाएगा। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों को नाम लेकर नहीं फटकारा जाएगा, तब तक कोई संयुक्त घोषणापत्र केवल कागज का एक टुकड़ा ही रहेगा। भारत के लिए यह रुख न केवल सम्मान का विषय है बल्कि वैश्विक मंचों पर उसकी विश्वसनीयता और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ाता है। आज भारत को वैश्विक मंचों पर सुना जा रहा है क्योंकि वह केवल बातें नहीं करता बल्कि अपने रुख पर अडिग भी रहता है। बहरहाल, अंततः, भारत ने एससीओ के मंच से जो सख्त संदेश दिया है, वह केवल पाकिस्तान या चीन के लिए नहीं बल्कि उन सभी देशों के लिए भी है, जो आतंकवाद पर मौन साधे रहते हैं या अपने आर्थिक, कूटनीतिक हितों के कारण उसे नजरअंदाज करते हैं।

# बोइंग की कार्यक्षमता पर उठते सवाल

विनीत नारायण

अहमदाबाद में हुई भयानक विमान दुर्घटना के बाद भारत सरकार ने दुर्घटना की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की है, और विमान निर्माण कंपनी बोइंग ने भी सहयोग की पेशकश की है। बोइंग रसूखदार कंपनी है। बावजूद इसके बोइंग की कार्यक्षमता पर सवाल उठते रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक फिल्म वायरल हो रही है कि बोइंग कंपनी के ही एक इंजीनियर जॉन बार्नेट, जिन्होंने बोइंग की अंदरूनी क्षमताओं पर महत्त्वपूर्ण सवाल उठाए थे, 2024 में रहस्यमय परिस्थितियों में बोइंग कंपनी की ही कार पार्किंग में मृत पाए गए थे। जब किसी विमान दुर्घटना में पायलट भी मारे जाते हैं, तो चलन है कि पावरफुल लॉबी सांठ-गांठ करके जांच का रुख इस तरह मोड़ देती हैं कि दुर्घटना के लिए पायलट को ही जिम्मेदार ठहराया जाता है क्योंकि वो अपना पक्ष रखने के लिए अब जीवित नहीं होता। इसलिए जरूरी है कि जांच एजेंसियां इस दुर्घटना की ईमानदारी से जांच करें। दुनिया भर में लाखों लोग बोइंग कंपनी के विमानों में रोज उड़ रहे हैं। उनकी सुरक्षा के हित में भी यह जरूरी है। बोइंग अपने विरु द्ध अक्सर लगाए जाने वाले आरोपों का स्पष्ट जवाब दे और यदि निर्माण प्रक्रिया में खामियां हैं, तो उन्हें अविलंब सुधारे। 12 जून, 2025 को अहमदाबाद में हुई भयानक विमान दुर्घटना में जीवित बचे विश्वास कुमार रमेश ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। एयर इंडिया की फ्लाइट 1171 के दुखद हादसे में 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में से 241 की मौत हो गई और केवल एक यात्री, विश्वास कुमार रमेश जीवित बचे। यह घटना विमान दुर्घटनाओं में एकमात्र बचे लोगों की उन असाधारण कहानियों में से एक है, जो न केवल चमत्कार को दर्शाती हैं, बल्कि मानव की जीवटता और भाग्य की अनिश्चितता को भी उजागर करती हैं। विश्वास कुमार रमेश, 40 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक हैं, जो भारतीय मूल के हैं। उस दिन सीट नंबर 11ए पर बैठे थे, जो एक आपातकालीन निकास द्वार के पास थी। हादसे के तुरंत बाद विश्वास ने भारतीय मीडिया को बताया, 'मैं नहीं समझ पा रहा कि मैं कैसे बच गया। सब कुछ मेरी आंखों के सामने हुआ। मैंने सोचा कि मैं भी मर जाऊंगा लेकिन जब मैंने आंखें खोलीं तो खुद को जिंदा पाया। उन्होंने बताया कि उनकी सीट के पास का हिस्सा जमीन पर गिरा और आपातकालीन निकास द्वार टूट गया था, जिसके कारण वे बाहर निकल पाए। विमान दुर्घटनाओं में एकमात्र बचे लोगों की कहानियां बेहद दुर्लभ हैं, लेकिन ये मानव की जीवटता और कभी-कभी भाग्य के खेल को दर्शाती हैं। इतिहास में कुछ ऐसी घटनाएं दर्ज हैं, जिनमें एकमात्र व्यक्ति ही जीवित बचा। जूलियन कोएपके 17 साल की जर्मन लड़की थीं जो 1971 में पेरू के अमेजन जंगल में लांसा फ्लाइट 508 की दुर्घटना में एकमात्र जीवित बची थीं। विमान 10,000 फीट की ऊंचाई से गिरा और जूलियन अपनी सीट से बंधी हुई जंगल में जा गिरीं। गंभीर चोटों के बावजूद वह 11 दिनों तक जंगल में भटकती रहीं और अंततः मदद मिलने पर बच गईं। उनकी कहानी साहस और जीवित रहने की इच्छाशक्ति का प्रतीक बन गई। वेस्ना वुलोविच, सर्बियाई फ्लाइट अटेंडेंट थीं जो 1972 में फ्लाइट 367 के मध्य हवा में हुए विस्फोट के बाद एकमात्र जिंदा बची थीं। वह 33,000 फीट की ऊंचाई से गिरने के बावजूद जीवित रहीं जो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। वेस्ना को गंभीर चोटें आई थीं, लेकिन वह ठीक हो गई और बाद




में अपनी कहानी साझा की। चार साल की सेसिलिया सिचन 1987 में नॉर्थवेस्ट एयरलाइंस फ्लाइट 255 के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद एकमात्र जिंदा बची थी। यह विमान मिशिगन में दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिसमें 154 यात्री और चालक दल के सदस्य मारे गए। सेसिलिया को मलबे में दबा हुआ पाया गया और उसकी जान बचाने के लिए व्यापक उपचार किया गया। 12 साल की बाहिया बकारी 2009 में येमेनिया एयरवेज की उड़ान के कोमोरो द्वीप समूह के पास दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद जिंदा बची थी। वह समुद्र में तैरती रही और बाद में बचाव दल द्वारा बचा ली गई। उसकी कहानी भी दुनिया भर में चर्चा बनी। विमान दुर्घटनाओं के अलावा, अन्य दुखद हादसों में भी एकमात्र बचे लोगों की कहानियां सामने आई हैं। 1912 में टाइटैनिक के डूबने में कई लोगों की जान गई। लेकिन कुछ लोग, जैसे मिल्विना डीन जो उस समय केवल दो महीने की थी, जीवित बची। वह उन अंतिम लोगों में थी जो इस त्रासदी से बचे थे। 2004 में हिन्द महासागर में सुनामी की प्राकृतिक आपदा में लाखों लोग मारे गए लेकिन कुछ लोग जैसे कि एक इंडोनेशियाई व्यक्ति, जिसे लहरों ने समुद्र में बहा दिया था, चमत्कारिक रूप से बच गया। विमान दुर्घटना या अन्य त्रासदियों में एकमात्र बचे लोग अक्सर 'सर्वाइवर्स गिल्ट (जीवित रहने का अपराधबोध) से गुजरते हैं। विश्वास कुमार रमेश ने भी बताया कि वह अपनी जान बचने के बावजूद अपने भाई को खोने के दुख से जूझ रहे हैं। जॉर्ज लैमसन जूनियर, जो 1985 में गैलेक्सी एयरलाइंस की दुर्घटना में एकमात्र बचे थे, ने सोशल मीडिया पर लिखा कि वह विश्वास की स्थिति को समझ सकते हैं क्योंकि ऐसी घटनाएं जीवित बचे लोगों के जीवन पर गहरा प्रभाव डालती हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसे लोग अक्सर पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर से पीड़ित हो सकते हैं। विश्वास के मामले में डॉ. रजनीश पटेल ने बताया कि वह 'पोस्ट-ट्रॉमेटिक अम्नेसिया से प्रभावित हो सकते हैं, जिसके कारण उन्हें दुर्घटना की पूरी तस्वीर याद नहीं है। विश्वास कुमार रमेश का जीवित रहना कई कारकों का परिणाम हो सकता है। प्रो. जॉन हंसमैन, एमआईटी के वैमानिकी विशेषज्ञ, के अनुसार विमान दुर्घटना में जीवित रहने की संभावना सीट की स्थिति, दुर्घटना के प्रकार और त्वरित निर्णय लेने पर निर्भर करती है। विश्वास की सीट आपातकालीन निकास के पास थी, जो बिना किसी बड़े नुकसान के जमीन पर जा गिरी और उन्हें बाहर निकलने का मौका मिला। इसके अलावा, उनकी त्वरित प्रतिक्रिया और भाग्य ने भी उनकी जान बचाई।




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आप लोग किसी नये काम की शुरुआत करेंगे। आज आपको किसी से धन की प्राप्ति होगी, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपको ऑफिस से किसी काम के सिलसिले में बाहर जाना पड़ सकता है। छात्रों के लिए आज का दिन खास रहेगा, उनको आज टेस्ट पेपर में अच्छे अकं प्राप्त होंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख सुविधाओ में बढ़ोत्तरी होगी। आज आपको सगे – सम्बन्धियों से शुभ समाचार की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को आज उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। आज आप दोस्तों के साथ पार्टी करने का प्लान बना सकते है।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला – जुला रहेगा। आज आपको व्यापारिक दृष्टिकोण से लाभ होगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ सकते है। आज जीवनसाथी के साथ आप ताल – मेल बना कर रखेंगे। आज ऑफिस में आपको सहकर्मी का सहयोग मिलेगा , जिससे आप काम को कम समय में पूरा कर लेंगे। आज आपको किसी क़ानूनी प्रक्रिया से राहत मिलेगी, आप सुकून की सांस लेंगें।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज समाज में कार्यरत लोंगों को वरिष्ठ व्यक्तियों के माध्यम से प्रोत्साहन प्राप्त होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा , आज बच्चे आपके काम में सहयोग करेंगें। अविवाहित व्यक्तियों के लिए आज का दिन खास है, उनको आज अच्छे रिश्ते का प्रस्ताव मिलेगा। रोजगार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे, आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में अच्छा धन लाभ होगा। आज आप अपने दैनिक कार्यों को समय रहते ही पूरा कर लेंगे , जिससे आप अन्य कार्यों को कर पाएंगे। आज आपके रिश्ते में ताल – मेल बना रहेगा , जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। छात्रों के लिए आज का दिन लाभप्रद रहेगा, आज उनको किसी प्रतियोगिता के लिए सम्मान मिल सकता है।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। जो लोग प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का प्लान बना रहे है आज उनको बेहतरीन ऑफर मिलेगा। पैतृक सम्पति का आज आपको लाभ मिलेगा। आज आप सामाजिक समारोह को आयोजित करने का प्लान बना सकते है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी और आज आपको ऑफिस में किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर मिलेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको किसी खास काम में सफलता मिलेगी ,लेकिन परिश्रम की अधिकता रहेगी। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बनी रहेगी , बच्चों का सहयोग प्राप्त होगा। छात्रों को आज पढाई से रिलेटेड कुछ नया कंटेंट पढ़ने को मिल सकता है। अविवाहित व्यक्तियों को आज एक अच्छे रिश्ते का प्रपोजल मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला – जुला रहेगा। आज आपको किसी काम को लेकर थोड़ी व्यस्तता रह सकती है , लेकिन कर्मचारियों का सहयोग बना रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम उनके फेवर में आएगा। जीवनसाथी के साथ बच्चों को लेकर आज आपकी कुछ विशेष बात हो सकती है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा , आर्थिक स्तिथि और मजबूत बनेगी। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा , शाम को बच्चों के साथ टहलने जायेंगे। डिजिटल दुनिया से जुड़े व्यक्तियों को आज किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर प्राप्त होगा।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। इन्वेस्टमेंट में आज आपको दुगुना फायदा होने वाला है। शादीशुदा रिश्तों में ताल – मेल बना रहेगा , बच्चे किसी बात को लेकर जिद कर सकते है। नौकरी में कार्यरत व्यक्तियों को आज उन्नति के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगें। आज आप लोग परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते है।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे , जिससे आपके कैरियर को ग्रोथ मिलेगी। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा , बच्चों का प्यार मिलेगा। नौकरी के इन्तजार में भटक रहे व्यक्तियों को आज किसी बड़ी कम्पनी से ऑफर मिल सकता है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, जिससे परिवार में खुशियां बनी रहेगी। बच्चे आपसे किसी विशेष बात पर चर्चा करेंगे , आपको उनकी बात ध्यान से सुननी चाहिए।

# लोकतंत्र को मजबूत करने का रास्ता



प्रियंका सौरभ

साल 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (संविधान का 106वां संशोधन) देश के लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसद आरक्षण सुनिश्चित करता है। इसकी सफलता महज संविधान में दर्ज होने से नहीं होगी। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति जरूरी होगी। वर्ष 2029 के आम चुनाव में यदि यह आरक्षण प्रभावी होता है, तो यह न केवल भारत के लोकतंत्र के लिए निर्णायक मोड़ होगा, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व की दिशा भी तय करेगा। इसके लिए राजनीतिक दलों को अभी से व्यापक और दूरदर्शी कदम उठाने होंगे। भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति हमेशा सीमित रही है। 2024 में चुनी गई 18वीं लोकसभा में सिर्फ 74 महिलाएं चुनकर आईं, जो कुल सीटों का मात्र 13.6% हैं। यह आंकड़ा 2019 की तुलना में भी घटा है और वैश्विक औसत 26.9% से काफी पीछे है। राज्य विधानसभाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां औसतन केवल 9% ही महिलाएं विधायक हैं। यह न केवल लैंगिक असमानता को दर्शाता है बल्कि नीति-निर्धारण की उस प्रक्रिया को भी प्रभावित करता है जिसमें आधी आबादी की हिस्सेदारी नगण्य है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के निम्न स्तर के कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है समाज की पितृसत्तात्मक सोच। महिलाओं को पारिवारिक भूमिकाओं तक सीमित कर दिया जाता है, जिससे नेतृत्व के अवसर स्वाभाविक रूप से पुरुषों को मिलते हैं। 'सरपंच पति' जैसी प्रथाएं इस सोच को और भी स्पष्ट करती हैं। राजनीतिक दलों के भीतर भी यह धारणा प्रचलित है कि महिलाएं चुनाव जीतने की दृष्टि से कमजोर प्रत्याशी होती हैं। लेकिन यह एक मिथक है, जिसे हाल के आंकड़े खारिज करते हैं। उदाहरण के लिए, 2024 लोकसभा चुनाव में महिलाएं केवल 9.6% उम्मीदवार थीं, लेकिन उनकी सफलता दर पुरुषों से अधिक थी – उन्होंने 13.6% सीटें जीतीं। महिलाओं के सामने आर्थिक संसाधनों की कमी भी एक बड़ी बाधा है। देश में चुनाव लड़ना अत्यंत महंगा है और अधिकांश महिलाएं-खासकर ग्रामीण व पिछड़े वर्गों से-स्वतंत्र रूप से इतने संसाधन नहीं जुटा सकतीं। इसके अलावा, राजनीति का वातावरण भी महिलाओं के लिए असुरक्षित और शत्रुतापूर्ण रहता है। उन्हें ट्रोलिंग, चरित्र हनन, और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका आत्मविश्वास डगमगाता है। राजनीतिक दलों में महिलाओं के लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षित नेतृत्व विकास, और निर्णय लेने वाली इकाइयों में शामिल करने जैसी संस्थागत व्यवस्था भी अकसर अनुपस्थित रहती है। महिला मोर्चा बनाकर उन्हें पार्टी के मुख्य ढांचे से अलग कर दिया जाता है, जिससे वे सत्ता के निर्णायक केंद्रों से दूर रह जाती हैं। 2029 के आरक्षण को सार्थक बनाने के लिए राजनीतिक दलों को अब से ही तैयारी करनी होगी। सबसे पहला कदम



है-स्वैच्छिक आंतरिक कोटा। टिकट वितरण में 33% महिला उम्मीदवारों को प्राथमिकता देना केवल आरक्षण की तैयारी नहीं, बल्कि समावेशी लोकतंत्र की दिशा में पहल होगी। ऑस्ट्रेलिया की लेबर पार्टी जैसी मिसालें बताती हैं कि आंतरिक कोटा राजनीति की संस्कृति को सकारात्मक रूप से बदल सकते हैं। दूसरा आवश्यक कदम है-वित्तीय सहायता और संरचित प्रशिक्षण। राजनीतिक दलों को महिला उम्मीदवारों के लिए अलग चुनावी फंड बनाना चाहिए ताकि वे चुनावी खर्च का बोझ उठा सकें। कनाडा का जूडी लामार्श फंड इसका अच्छा उदाहरण है। साथ ही, पंचायतों और नगरपालिकाओं में सक्रिय महिला प्रतिनिधियों को विधानसभा और संसद स्तर के लिए तैयार करने का नेतृत्व कार्यक्रम भी चलाया जाना चाहिए। महिलाओं को पार्टी की कोर कमेटियों, नीति निर्माण इकाइयों और प्रवक्ता मंडल में भी सक्रिय भूमिका देनी चाहिए। केवल महिला मोर्चा या सांस्कृतिक आयोजनों तक सीमित रखकर नेतृत्व नहीं उभरेगा। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग पार्टी ने हाल ही में कोर नेतृत्व में महिलाओं को शामिल किया है।अन्य दलों को भी यही दिशा लेनी चाहिए। मेंटोरशिप भी एक सशक्त उपकरण हो सकता है। अनुभवी महिला नेता अगर नवोदित उम्मीदवारों को मार्गदर्शन दें, तो आत्मविश्वास, नीति की समझ, और रणनीतिक कौशल विकसित हो सकता है। इसके साथ ही, पार्टी के भीतर महिलाओं के खिलाफ उत्पीड़न या असम्मानजनक व्यवहार को रोकने के लिए सख्त आचार संहिता और त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था जरूरी है। राजनीतिक दलों के प्रयासों के साथ-साथ मीडिया और नागरिक समाज की भी भूमिका अहम है। मीडिया को महिला नेताओं की नीतिगत भूमिका, वैचारिक दृष्टिकोण और सामाजिक योगदान पर केंद्रित करना चाहिए-ना कि उनके पहनावे, निजी जीवन या विवादों पर। नागरिक संगठनों को भी प्रशिक्षण, जनजागरण और महिला नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में पहल करनी चाहिए। महिलाओं का राजनीति में प्रतिनिधित्व केवल लैंगिक समानता का सवाल नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता का भी मापदंड है। यदि प्रतिनिधित्व का आधार केवल पुरुषों की पहुंच और दबदबे तक सीमित रहेगा, तो लोकतंत्र का स्वरूप अधूरा ही रहेगा। महिला आरक्षण केवल एक नीति नहीं, बल्कि नेतृत्व को समावेशी, संवेदनशील और संतुलित बनाने का औजार है। 2029 का चुनाव भारत के लिए एक ऐतिहासिक अवसर लेकर आएगा।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# टी20 विश्वकप के लिए 13 टीमें तय हुईं

## बचे हुए 22 स्थानों के लिए 22 टीमों में होगा मुकाबला



मुम्बई (ईएमएस)। अगले साल की शुरुआत में संयुक्त रुप से भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अभी तक 13 टीमें तय हो गयी हैं जबकि बचे हुए सात स्थानों के लिए 22 टीमों के बीच मुकाबला होना है। इस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमों को खेलने का अवसर मिलेगा। हैं। इनमें से मेजबान भारत और श्रीलंका सहित कुल 13 टीमें घोषित को गयी हैं जबकि सात और टीमों की घोषणा इस साल अक्टूबर तक होगी। कनाडा की टीम ने इसके लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि यूरोप क्वालीफायर्स के जरिए दो टीमों पर फैसला होगा। ये टूर्नामेंट भी पिछले टूर्नामेंट के प्रारुप के अनुसार ही होगा। जिसके तहत पहले 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। इसके बाद सुपर 8 के मुकाबले होंगे और फिर सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे।

मेजबान के रूप में भारत और श्रीलंका को पहले दो स्थान मिले हैं। उसके बाद अगले 10 स्थानों का पिछले संस्करण में सुपर आठ क्वालीफायर और 30 जून 2024 की कट-ऑफ डेट पर टीम रैंकिंग के आधार पर हुआ। पिछले टी20 विश्व कप 2024 में सुपर 8 में प्रवेश के कारण अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज को 2026 टी20 विश्व कप में जगह मिली। अमेरिका ने भी टॉप 8 में पाकिस्तान को हराकर प्रवेश किया था। सुपर 8 में नहीं पहुंचने के बाद भी पाक ने न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ अपनी टी20I रैंकिंग के आधार पर अगले संस्करण में अपना स्थान तय किस है। अब तक भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, इंग्लैंड, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज ने इसके लिए प्रवेश हासिल किया है। इन टीमों के अलावा सात और टीमें इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। एक तरह से देखा जाए तो 22 टीमों में बाकी के सात स्थानों के लिए मुकाबला होगा। एशिया और पूर्वी एशिया पेसिफिक रीजन से तीन टीमें प्रवेश करेंगी, जबकि दो-दो टीमें यूरोप क्वालीफायर और अफ्रीका क्वालीफायर से आएंगी। एशिया-ईस्ट एशिया पेसेफिक रीजन से जापान, कुवैत, मलेशिया, नेपाल, ओमान, पापुआ न्यू गिनी, कतर, समोआ और यूएई की टीमें क्वालीफायर्स खेलेंगी और इनमें से तीन टीमें सीधे टूर्नामेंट में प्रवेश करेंगी। वहीं, यूरोप क्वालीफायर्स में इटली, जर्सी, ग्वेर्नसे, नीदरलैंड और स्कॉटलैंड की टीम खेलेगी। इनमें से दो टीमें टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता शनिवार को होगी



**नई दिल्ली** । नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता इसी सप्ताह शनिवार को बेंगलुरु में होगी। श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे। इससे पहले ये प्रतियोगित 24 मई को होनी थी पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण स्थागित कर दिया गया था। ये पहली बार है जब भारत में किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से भी मंजूरी मिली हुई है। इस टूर्नामेंट में देश विदेश के कुल 12 खिलाड़ी होंगे शामिल होंगे। इस टूर्नामेंट में नीरज चोपड़ा समेत पांच भारतीय सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल शामिल होंगे। वहीं विदेश के सात सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेड के एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ग विजेता थॉमस रोहलर, कीनिया के 2015 के वर्ल्ड चैंपियन जूलियस येगो, अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन, जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन, श्रीलंका के रुमेश पथिरेज और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के लिए टिकट की कीमत 199 रुपये से लेकर 9,999 रुपये तक होगी। इसके अलावा 15 व्यक्तियों के लिए पांच कॉर्पोरेट बॉक्स 44,999 रुपये में उपलब्ध हैं। वहीं थ्रोअर रनवे के पास एक विशेष स्टैंड की कीमत 9,999 रुपये है, जबकि रनवे के ठीक पीछे स्थित नॉर्थ अपर स्टैंड में एक और विशेष स्टैंड 2,999 रुपये में है।

# संन्यास से पहले भारत में टेस्ट सीरीज जीतना चाहते हैं लियोन



**सडिनी** । ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन ने कहा है कि अभी उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। लियोन के अनुसार वह संन्यास लेने से पहले भारत में एक टेस्ट सीरीज जीतना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम बार भारत में साल 2004 में टेस्ट सीरीज जीती थी। इसके बाद से ही कंगारु टीम मैच जीती है पर सीरीज अपने नाम नहीं कर पायी है। इस प्रकार टीम दो दशक से भारत में सीरीज जीतने में विफल रही है। 37 साल के हो रहे लियोन ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल ऑफ स्पिनर हैं। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ 32 टेस्ट मैच खेले हैं। इन मैचों में उनको 130 विकेट भी मिले हैं पर वह कभी भी भारत में टेस्ट सीरीज जीत नहीं पाये हैं। ऑस्ट्रेलिया ने साल 2004-05 में अंतिम बार भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर जीती थी पर तब लियोन टीम में शामिल नहीं थे। इसके बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत में टेस्ट सीरीज नहीं जीत पायी है। लियोन ने कहा, मैंने हमेशा ही कहा है कि मैं भारत के अलावसा इंग्लैंड में भी टेस्ट सीरीज जीतना चाहता हूं। हमें कुछ सालों में यह अवसर मिल सकता है। हमें इसके लिए लगातार टेस्ट खेलना होगा और तय करना होगा कि हम पहले वेस्टइंडीज में जीत कर लय हासिल करें। फिर हमें अपनी धरती पर एशेज में बेहतर प्रदर्शन में आसानी होगी। एक और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल पर मेरी नजरें रहेंगी।

# लाबुशेन एक बार फिर वापसी करेंगे : स्मिथ



**सडिनी** । ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अब खराब फार्म के कारण टीम से बाहर हुए मार्नस लाबुशेन के बचाव में उतरे हैं। स्मिथ ने कहा है कि लाबुशेन की प्रतिभा और तकनीक पर किसी को भी संदेह नहीं है और वह फार्म हासिल करने के बाद वह एक बार फिर टीम से खेलते दिखेंगे। लाबुशेन को पिछले कुछ समय से लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भी वह रन नहीं बना पाये थे। इसी कारण लाबुशेन को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था। पूर्व कप्तान के अनुसार वह अपनी तकनीक में कुछ सुधार करने के बाद फिर वापसी करेंगे। स्मिथ ने कहा, "वह बल्लेबाजी में खराब स्थिति में हैं। मेरा मानना है कि लाबुशेन ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में बहुत अच्छे तरीके से गेंदों का सामना किया वह बड़ा स्कोर नहीं बना पाये। इस दौरान मूवमेंट्स और बल्लेबाज का अंदाज गलत नहीं था। स्मिथ ने साथ ही कहा, "जब वह ऑफ-स्टंप लाइन से ऐसा कर रहे होते हैं, तो मुझे लगता है कि वह अच्छी स्थिति में होते हैं, उनका संतुलन अच्छा होता है और उनके मूवमेंट्स भी अच्छे होते हैं। मुझे लगा कि वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच नहीं खेला है, और उनके पास कुछ चीजों पर काम करने और उसे बेहतर करने का अवसर है। इसे वह खेल के दबाव के बिना करना चाहेंगे। अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के समय वह विश्व के बेहतरीन बल्लेबाजों की बराबरी करता है। इसलिए मुझे पूरा भरोसा है कि वह एक बार फिर आगे आयेगा।" डब्ल्यूटीसी फाइनल फाइनल के बाद लाबुशेन की जगह पर शामिल सैम कॉनस्टास भी अब तक अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाये हैं पर स्मिथ के अनुसार समय के साथ वह सीख जाएंगे

# सिराज ने भी खोला रेस्टोरेंट



**हैदराबाद** । भारतीय टीम के अधिकतर क्रिकेटर खेल के साथ ही अपना कारोबार भी कर रहे है। विराट कोहली सहित टीम के कई क्रिकेटरों ने अपने रेस्टोरेंट खोले हैं। अब इसी में एक नाम मोहम्मद सिराज का जुड़ गया है। सिराज ने अपने गृह नगर हैदराबाद में अपना पहला रेस्टोरेंट जोहारफा खोला है। इसमें मुगलई, पारसी, अरबी और चीनी व्यंजन परोसे जाएंगे। ये रेस्टोरेंट शहर के पॉश इलाके बंजारा हिल्स में है। सिराज ने अपने इस रेस्टोरेंट को लेकर कहा , 'जोहारफा मेरे दिल के काफी करीब है। हैदराबाद शहर ने मुझे नाम , पैसा और पहचान दी है। अब इस रेस्टोरेंट के जरिये मैं शहर को कुछ लौटाना चाहता हूं। इससे यहां के लोगों को घर जैसा खाना परोसा जाएगा।' सिराज के अनुसार उनके रेस्टोरेंट जोहारफा में बेहद अनुभवी शेफ हैं। यहां खाने में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। इस रेस्टोरेंट की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि यहां पारंपरिक खानों ध्यान दिया जाएगा। खाने के शौकीन जो लोग देश-दुनिया का बेहतरीन भोजन करना चाहते हैं, उन्हें एक बार यहां आना चाहिए। सिराज ने अब तक भारतीय टीम की ओर से 37 टेस्ट, 44 एकदिवसीय और 16 टी20 मैच खेले हैं। अभी वह भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं।

## व्यापार

# भारत इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर में सुधारों का समर्थन करता है: वित्त मंत्री



**सेविले** । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत समावेशिता और समानता को बढ़ाने के लिए मल्टीलेटेरल डेवलपमेंट बैंक (एमडीबी) सुधारों और निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग सिस्टम सहित इंटरनेशनल फाइनेंशियल आर्किटेक्चर में सुधारों का समर्थन करता है। वित्त मंत्री सीतारमण ने संयुक्त राष्ट्र द्वारा आयोजित फाइनेंसिंग फॉर डेवलपमेंट की चौथी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दौरान तीसरी बैठक में कहा कि एमडीबी लेंडिंग दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। साथ ही इसे मजबूत निगरानी फ्रेमवर्क में लाना सुनिश्चित करना चाहिए ताकि फंड का सही इस्तेमाल हो सके। उन्होंने कहा कि हम टैक्स सिस्टम को आधुनिक बनाने और अवैध वित्तीय प्रवाह को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समर्थन करते हैं। भारत के व्यापक कर सुधारों और कर प्रशासन में डिजिटल परिवर्तन ने राजस्व में वृद्धि की है और अनुपालन लागत को कम किया है। हमारा मानना है कि विनियमन इनोवेशन और स्थिरता को बढ़ावा देता है। भारतीय वित्तीय प्रणाली खासकर एमएसएमई के लिए आसान ऋण और कम अनुपालन लागत के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा देती है। हमने इंफ्रास्ट्रक्चर में स्टार्ट-अप और पीपीपी के लिए एक गतिशील इकोसिस्टम विकसित किया है। उन्होंने कहा कि लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों के माध्यम से हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है और समावेशी डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाया है। हम साउथ-साउथ और त्रिकोणीय सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एफएफडी बैठकों के दौरान यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) की अध्यक्ष नादिया कैल्विनो से मुलाकात की। बैठक के दौरान, कई मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें भारत में ईआईबी के विस्तारित पोर्टफोलियो - सात मेट्रो परियोजनाएं और एक शहरी रेल परियोजना, जल और स्वच्छता जैसे अन्य क्षेत्रों में विविधता लाने जैसे मुद्दे शामिल थे।

# सोना 97,200 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी 1,06,600 रुपए के करीब



**नई दिल्ली** । सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में सुस्ती देखने को मिल रही है। बुधवार के कारोबार में घरेलू बाजार में दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। इस समय घरेलू बाजार में सोने के भाव 97,200 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,06,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में भाव लुढ़क गए। चांदी गिरावट के साथ ही खुली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 9 रुपये की गिरावट के साथ 97,242 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,251 रुपये था। इस समय यह 64 रुपये की गिरावट के साथ 97,187 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 97,242 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 97,157 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 29 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,684 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,06,713 रुपये था। इस समय यह 96 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,617 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,0,6,690 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,0,6,617 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोना 3,350 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,349.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.10 डॉलर की गिरावट के साथ 3,348.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.08 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.23 डॉलर था। इस समय यह 0.04 डॉलर की गिरावट के साथ 36.19 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# घरेलू शेयर बाजार की तेजी के साथ शुरुआत

- सेंसेक्स 225 अंक बढ़कर 83,922 पर, निफ्टी 25,600 पर



**मुंबई** । वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों से बुधवार को भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में आईटी और ऑटो सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 225.5 अंक बढ़कर 83,922.79 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 58.75 अंक बढ़कर 25,600.55 पर कारोबार कर रहा था। विश्लेषकों के अनुसार 24,500-25,000 की रेंज को ब्रेक करने के बाद निफ्टी 25,200-25,800 की नई रेंज में चला गया है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार समझौते के बारे में सकारात्मक खबर रेंज की अपर लिमिट को ब्रेक करने में मदद कर सकती है, लेकिन निफ्टी को लंबे समय तक उच्च स्तर पर बनाए रखना मुश्किल होगा। शुरुआती कारोबार में निफ्टी बैंक 45.20 अंक की गिरावट के साथ 57,414.25 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 59.20 अंक की बढ़त के साथ 59,809.25 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 26.40 अंक की बढ़त के साथ 19,082.10 पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स पैक में इंफोसिस, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और अदाणी पोर्ट्स टॉप गेनर्स रहे। जबकि, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, बीईएल और इटरनल टॉप लूजर्स रहे। वहीं एशियाई बाजारों में बैंकॉक, चीन, जापान, सोल और जकार्ता लाल निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि केवल हांगकांग हरे निशान में कारोबार कर रहा था। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिका में डाउ जोंस 400.17 अंक की बढ़त के साथ 44,494.94 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 6.90 अंक की गिरावट के साथ 6,198.05 पर बंद हुआ और नैस्डैक 166.85 अंक की गिरावट के साथ 20,202.89 पर बंद हुआ।

# आरबीआई ने कहा- वैध हैं 2000 के नोट, लेन-देन में कर सकते हैं उपयोग




**नई दिल्ली** । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने स्पष्ट किया है कि 2000 के नोट अभी भी लीगल टेंडर हैं यानी आप इनका उपयोग खरीदारी या भुगतान के लिए कर सकते हैं। हालांकि, इन्हें धीरे-धीरे सिस्टम से हटाने की प्रक्रिया जारी है। हालांकि बैंकों में 2000 के नोट बदलवाने की सुविधा 7 अक्टूबर 2023 को समाप्त हो गई थी, लेकिन आरबीआई के 19 इश्यू ऑफिस अब भी यह सेवा दे रहे हैं। लोग वहां जाकर अपने नोट जमा कर सकते हैं या उन्हें बदल सकते हैं। अगर आप आरबीआई के ऑफिस तक नहीं जा सकते, तो भारतीय डाक सेवा के जरिए भी नोट भेजे जा सकते हैं। डाकघर से नोट आरबीआई को भेजने पर वह राशि आपके बैंक खाते में जमा कर दी जाती है। यह सुविधा विशेष रूप से दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। आरबीआई का कहना है कि 2000 का नोट एक तत्काल समाधान था, जो 2016 की नोटबंदी के बाद नकदी की कमी को दूर करने के लिए पेश किया गया था। अब जब छोटे मूल्यवर्ग के नोट भरपूर मात्रा में हैं, तो 2000 के नोट की आवश्यकता नहीं रह गई है।

# महिंद्रा की पॉपुलर ऑफरोड एसयूवी थार ने बनाई मजबूत पकड




**नई दिल्ली** । भारतीय बाजार में महिंद्रा एंड महिंद्रा की पॉपुलर ऑफरोड एसयूवी थार अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। बिक्री के मामले में यह मारुति जिम्नी से कहीं आगे निकल चुकी है। फिलहाल थार सिर्फ आईसीई इंजन वेरिएंट में बिक रही है, लेकिन ग्राहकों में इसके इलेक्ट्रिक वर्जन को लेकर खासा उत्साह है। महिंद्रा पहले ही पुष्टि कर चुकी है कि थार को इलेक्ट्रिक पावरट्रेन के साथ भी लॉन्च किया जाएगा। कंपनी हाल के वर्षों में स्वतंत्रता दिवस जैसे मौकों पर अपने नए मॉडलों और भविष्य की योजनाओं का खुलासा करने की परंपरा निभा रही है। आने वाले सालों में महिंद्रा अपने रेगुलर आईसीई और इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए कई नए मॉडल पेश करने की तैयारी में है। कुछ कॉन्सेप्ट पहले ही प्रदर्शित किए जा चुके हैं लेकिन कंपनी के पास कई ऐसे प्रोजेक्ट भी हैं जो अभी तक पर्दे के पीछे हैं। इसी बीच, इंटरनेट पर हाल ही में एक नए प्रोटोटाइप की स्पाई तस्वीरें वायरल हुई हैं। यह नियर-प्रोडक्शन मॉडल कई दिलचस्प डिजाइन डीटेल्स दिखा रहा है। इसमें सीधा फ्रंट फेसिया, स्कॉर्पियो जैसी वर्टिकल ग्रिल स्लैट्स और बॉक्सी बॉडीवर्क महिंद्रा की पहचान बताता है। साथ ही इसका डिजाइन दक्षिण अफ्रीका में दिखाए गए थार.ई कॉन्सेप्ट से मेल खाता नजर आता है। स्पेयर व्हील के साथ फ्लैट टेलगेट, ऊंचे पिलर और रूफलाइन इसके इलेक्ट्रिक वर्जन की तरफ इशारा करते हैं। हालांकि, कुछ जानकार इसे अगली पीढ़ी के बोलेरो नियो से भी जोड़ रहे हैं। तस्वीरों में स्वूपिंग बोनट, ट्विन पीक्स लोगो, सर्कुलर एलईडी हेडलैम्प्स, चौड़ा इंटेक वाला बम्पर और आयताकार टेललैंप्स दिख रहे हैं। यह प्रोटोटाइप पांच-द्वार वाला नजर आता है और थार रॉक्स के मुकाबले ज्यादा परिष्कृत डिज़ाइन का संकेत देता है।

## कमजोर हूं, पर कम नहीं, पिता को हक दिलाने के लिए एबनॉर्मल लड़की ने ज्वाइन की आर्मी, तन्वीः द ग्रेट का ट्रेलर रिलीज

तन्वी द ग्रेट का बेहतरीन और रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर रिलीज हो गया है. तन्वी द ग्रेट के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर खुद अनुपम खेर हैं, जो फिल्म में अहम किरदार में हैं. तन्वी द ग्रेट आगामी 18 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होने के लिए तैयार है. अनुपम की यह फिल्म लंबे समय से चर्चा में हैं और आखिरकार आज फिल्म का ट्रेल रिलीज हो चुका है. फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत काफी धीमी होती है और लगता है जैसे कि इस फिल्म को कौन देखेगा. अगले ही मिनट में फिल्म का ट्रेलर इतना इंटरेस्टिंग हो जाता है कि देखने के बाद मन में यही ख्याल आएगा कि 18 जुलाई कब आएगी. ट्रेलर से साफ हो गया है कि फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की है, जो दिमागी तौर पर नॉर्मल नहीं दिखती है. उसके पिता आर्मी में थे, जो शहीद हो गए, लेकिन शहीदों के सम्मान के दौरान जब उसके पिता के नाम का कोई जिक्र नहीं हुआ, तो उसने ठान लिया कि वह भी एक आर्मी ज्वाइन करेगी. हालांकि वह संगीत सीख रही थी, लेकिन अब वह अपने पिता को सम्मान दिलाने के लिए आर्मी ज्वाइन कर लेती है. फिल्म तन्वी द ग्रेट ने दुनियाभर में अपना जलवा दिखा दिया है. ये फिल्म कान्स फिल्म फेस्टिवल और न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे बड़े मंचों पर दिखाई जा चुकी है. इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में इसे खूब सराहा गया है और शुरुआत से ही फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है. अनुपम खेर ने कहा, मैं हमेशा से एक्सेल एंटरटेनमेंट की शानदार कहानियों और सोच का प्रशंसक रहा हूं. तन्वी द ग्रेट के लिए उनका साथ मिलना बेहद खुशी की बात है. उनके जुड़ने से इस प्रेरणादायक फिल्म को और ऊंचाइयों तक ले जाने का हमारा सफर और मजबूत हुआ है. फिल्म में बेहतरीन कलाकारों की टीम नजर आएगी, जिनमें अनुपम खेर, इयान ग्लेन, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ, अरविंद स्वामी, पल्लवी जोशी, करण टैकर, एम. नास्सर और पहली बार अभिनय कर रही शुभांगी शामिल हैं. तन्वी द ग्रेट का संगीत ऑस्कर विजेता एम. एम. कीरवाणी ने दिया है. यह फिल्म अनुपम खेर स्टूडियोज और एनएफडीसी के साथ मिलकर बनाई गई है. इसके ग्लोबल डिस्ट्रीब्यूशन की जिम्मेदारी अनिल थडानी की एए फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट संभाल रहे हैं.



## हर्षवर्धन राणे-सादिया खतीब स्टारर रोमांटिक-एक्शन ड्रामा सिला का ऐलान, पहला पोस्टर आया सामने

हर्षवर्धन राणे और सादिया खतीब स्टारर नई रोमांटिक-एक्शन ड्रामा फिल्म सिला का ऐलान आधिकारिक तौर पर कर दिया गया है. इस फिल्म की शूटिंग आज यानी 1 जुलाई 2025 से शुरू होने जा रही है, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट का लेवल और भी बढ़ गया है. फिल्म का निर्देशन ओमंग कुमार कर रहे हैं, जिन्हें मैरी कॉम और सरबजीत जैसी कंटेंट ड्रिवन फिल्मों के लिए जाना जाता है. इस बार ओमंग कुमार एक इंटेंस रोमांटिक-एक्शन कहानी के जरिए दर्शकों को प्रभावित करने की तैयारी में हैं. फिल्म में करनवीर मेहरा विलेन के रोल में नजर आएंगे, जबकि इप्सिता भी एक अहम सपोर्टिंग किरदार निभाती दिखेंगी. सिला को जी स्टूडियोज, ब्लू लोटस पिक्चर्स और स्टार्क एंटरटेनमेंट मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं. हाल ही में जारी किए गए पोस्टर में हर्षवर्धन और सादिया का खूनी, इमोशनल लेकिन पैशनेट लुक दर्शकों की जिज्ञासा को और भी बढ़ा रहा है. पोस्टर में दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री और इंटेंसनिटी साफ नजर आती है, जिससे फिल्म के टोन का अंदाजा लगाया जा सकता है. फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन कास्ट और डायरेक्शन टीम को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म रोमांस और एक्शन के चाहने वालों के लिए एक दमदार अनुभव साबित होगी. अब देखना दिलचस्प होगा कि सिला अपने ट्रेलर और कहानी से दर्शकों को कितना इम्प्रेस कर पाती है और क्या बॉक्स ऑफिस पर भी धमाल मचाती है. फैंस इस अनाउंसमेंट के बाद से सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव नजर आ रहे हैं और फिल्म की शूटिंग और रिलीज डेट को लेकर बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. आने वाले हफ्तों में फिल्म से जुड़ी और भी अपडेट्स का इंतजार रहेगा.



## एक नई भाषा में काम करना मेरे लिए चुनौती थी, तमिल डेब्यू पर बोलीं मिथिला पालकर



अभिनेत्री मिथिला पालकर फिल्म ओहो एंथन बेबी के साथ तमिल फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नई भाषा में प्रदर्शन करना उनके लिए एक ऐसा चुनौती थी, जिसके बारे में उन्होंने कभी सोचा नहीं था। मिथिला ने बताया कि एक अभिनेत्री के तौर पर वह हमेशा ऐसी चीजें करने की कोशिश करती हैं, जो उन्हें कम्फर्ट जोन से बाहर ले जाए। उन्होंने कहा, यह मुझे न केवल पेशेवर रूप से बल्कि व्यक्तिगत रूप में आगे बढ़ने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि एक नई भाषा सीखना और उसमें अभिनय करना उनके लिए एक ऐसी चुनौती थी, जिसके बारे में उन्होंने पहले कभी नहीं सोचा था। लिटिल थिंग्स, कारवां और चॉपस्टिक्स के लिए मशहूर मिथिला ने कहा कि उन्हें अब तक हिंदी और मराठी में ही काम करने का मौका मिला था। बता दें कि तमिल फिल्म ओहो एंथन बेबी में मिथिला के अगेंस्ट रुद्र मुख्य भूमिका में रहेंगे। फिल्म का पहला पोस्टर मई में रिलीज किया गया था। पोस्टर में अभिनेत्री लाल रंग की ड्रेस पहने नीचे बैठे अभिनेता रुद्र द्वारा पकड़े गए कैमरे के सामने पोज देती दिखाई दे रही हैं। कृष्णाकुमार रामकुमार द्वारा निर्देशित रोमांटिक-कॉमेडी ओहो एंथन बेबी में दर्शकों को प्यार और रिश्तों पर एक नया और अनोखा नजरिया देखने को मिलेगा। मिथिला ने ओहो एंथन बेबी की शूटिंग पूरी करने के बारे में कहा, यह यात्रा वास्तव में मेरे लिए खास रही है, न केवल इसलिए कि यह मेरी पहली तमिल फिल्म है।

## पलक तिवारी ने मॉरिशस वेकेशन से शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें, फैंस हुए दीवाने



एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश अंदाज से एक बार फिर सुर्खियों में हैं. पलक ने हाल ही में मॉरिशस वेकेशन से अपनी कुछ बेहद स्टनिंग तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिन्हें देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं. पलक ने अपने वेकेशन एल्बम में पिंक और पर्पल क्रोशिया बिकिनी सेट में फोटो शेयर की हैं. खुले बाल, सटल मेकअप और बीच बैकग्राउंड के साथ उनका ये बोल्ड अवतार इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है. पलक ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, पी.टी. में मॉरीशस — एक एल्बम. और कुछ ही घंटों में तस्वीरों पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स की बरसात हो गई. फैंस ने उनकी तस्वीरों पर गॉर्जियस, स्टनिंग जैसे कमेंट्स किए और हार्ट व फायर इमोजी से कमेंट सेक्शन भर दिया.पलक तिवारी का ये बीच लुक एक बार फिर यह साबित करता है कि वह सिर्फ एक्टिंग में ही नहीं, बल्कि फैशन और स्टाइल के मामले में भी यूथ आइकन बन चुकी हैं. उनके इस वेकेशन लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस अब उनकी अगली पोस्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. पलक तिवारी को आखिरी बार संजय दत्त और मौनी रॉय के साथ हॉरर कॉमेडी फिल्म द भूतनी में देखा गया था. फिल्म ने दर्शकों को निराश किया था. अब उनके फैंस पलक के नए प्रोजेक्ट का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं.

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मां की कमाई में मामूली बढ़त, तीसरे दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये

काफी समय से अभिनेत्री काजोल फिल्म मां को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। आखिरकार उनकी यह फिल्म बीते 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म की कहानी को भले ही दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली हो, लेकिन काजोल ने अपनी कमाल की अदाकारी के लिए जमकर वाहवाही लूटी। अब फिल्म मां के तीसरे दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म मां ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 6.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 17.40 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म ने 4.65 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर औसत शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 6 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। फिल्म मां का बजट 65 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। मां अजय देवगन की शैतान यूनिवर्स का हिस्सा है। विशाल फुरिया ने इसके निर्देशन की कमान संभाली है, जिन्हें हॉरर फिल्म छोरी और छोरी 2 के लिए जाना जाता है। जियो स्टूडियोज और देवगन फिल्म्स ने फिल्म का निर्माण किया है। इसमें इंद्रनील सेनगुप्ता, रोनित रॉय और खीरिन शर्मा भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में काजोल एक ऐसी मां का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी बेटी को बचाने के लिए रक्षक के साथ-साथ भक्षक बन जाती है।




## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म सितारे जमीन पर का शानदार प्रदर्शन जारी, अब तक फिल्म ने दुनियाभर में कमाए 194 करोड़ रुपये

आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 10 दिन पूरे हो गए हैं। उनकी यह फिल्म 20 जून को दर्शकों के बीच आई थी और पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। इस फिल्म ने भारत में 120 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है, वहीं दुनियाभर में इसकी कमाई 200 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है। बॉक्स ऑफिस आंकड़ों का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, सितारे जमीन पर ने अपनी रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 14.50 करोड़ रुपये कमाए। इसी के साथ अब भारत में इस फिल्म की कुल कमाई 122.65 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। देश में ही नहीं, बल्कि विदेशों में सितारे जमीन पर का भी खूब डंका बज रहा है। अब तक दुनियाभर में इस फिल्म ने 194 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। सितारे जमीन पर में आमिर की जोड़ी पहली बार जेनेलिया डिसूजा के साथ बनी है। जेनेलिया ने फिल्म में आमिर की पत्नी सुनीता का किरदार निभाया है। फिल्म में आमिर ने एक बदनाम बास्केटबॉल कोच गुलशन की भूमिका निभाई है। इस फिल्म की कहानी डाउन सिंड्रोम पर आधारित है। सितारे जमीन पर के निर्देशन की कमान आरएस प्रसन्ना ने संभाली है। आमिर ने खुद इस फिल्म का निर्माण अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर किया है।



# "I am looking forward to interacting with global leaders", said PM Modi on his visit to five countries



**New Delhi,** Prime Minister Narendra Modi left for Accra, the capital of Ghana on Wednesday. This is the first leg of his five-nation visit. The purpose of this visit is to strengthen India's global partnership and relations with both sides of the Global South and the Atlantic. The Prime Minister's visit includes visits to Ghana, Trinidad and Tobago, Argentina, Brazil and Namibia. PM Modi described these countries as important partners for India's foreign policy, which are linked by historical, cultural, economic and multilateral cooperation. In his statement, PM Modi said, I will visit Ghana on 2-3 July at the invitation of President John Dramani Mahama. Ghana is a valuable partner in the Global South and plays an important role in the African Union and the Economic Community of West African States. He expressed hope to enhance bilateral cooperation in areas such as investment, energy, health, security and development partnership. He said that it would be an honor for me to speak in the Parliament of Ghana. After this, PM Modi will visit Trinidad and Tobago on July 3-4. He said it shares "deep historical, cultural and people-to-people ties" with India. He said, I will meet President Christine Carla Kangalu, who was the chief guest of this year's Pravasi Bharatiya Divas, and Prime Minister Kamla Persad-Bissessar, who is in office for the second time.Recalling the long-standing ties of the diaspora, PM Modi said, "180 years ago Indians first arrived in Trinidad and Tobago. This visit will provide an opportunity to give new life to our special bonds of ancestral and kinship." PM Modi will travel from Port of Spain to Buenos Aires, which will be the first bilateral visit by an Indian Prime Minister to Argentina in 57 years. Describing Argentina as a key economic partner in Latin America and a close ally in the G20, he said, "I look forward to meeting President Javier Miley, whom I also met last year. We will focus on enhancing mutually beneficial cooperation in areas such as agriculture, critical minerals, energy, trade, tourism, technology and investment." After Argentina, PM Modi will attend the BRICS summit in Rio de Janeiro on July 6-7. Emphasising India's important role in BRICS, PM Modi said, "As a founding member, India considers BRICS an important platform for cooperation among emerging economies. Together we strive for a more peaceful, equitable, just, democratic and balanced multipolar world order." He has confirmed that he will meet with several world leaders on the sidelines of the summit. The Brazil visit will continue with a bilateral State visit to Brasilia, the first by an Indian Prime Minister in nearly six decades. "This visit will provide an opportunity to strengthen our close partnership with Brazil and advance the priorities of the Global South with my friend President Luiz Inacio Lula da Silva," he said. The last stop on PM Modi's visit will be Namibia, which he described as a trusted partner. PM Modi said he is looking forward to meeting President Netumbo Nandi-Ndaitwah and charting a new roadmap of cooperation for the benefit of our people, our regions and the wider Global South. He will also address a joint session of the Namibian Parliament. Talking about the outcomes of his multi-country visit, PM Modi said, I am confident that my visits to the five countries will strengthen our bonds of friendship in the Global South, further deepen our partnerships on both sides of the Atlantic, and enhance our engagement in multilateral forums such as BRICS, African Union, ECOWAS and CARICOM.

# Amarnath Yatra: Jammu reverberated with chants of 'Bam-Bam Bhole', the first batch left for the darshan of Baba Barfani



**Jammu,** Jammu is resonating with the slogans of 'Bam-Bam Bhole'. The first batch of pilgrims left for the Amarnath Yatra from Bhagwati Nagar base camp on Wednesday morning amid chants of Lord Shiva. First, proper worship was performed. Lieutenant Governor of Jammu and Kashmir Manoj Sinha participated in it. After the worship, Lieutenant Governor Manoj Sinha flagged off the first batch. In the first phase, a batch of about 4500 devotees left for the Amarnath Yatra. The Lieutenant Governor said, once again a large number of devotees are arriving in Jammu. It is a big slap on terrorism that devotees from all over the country are reaching Jammu for the Amarnath Yatra. LG Manoj Sinha wished all the devotees a safe and comfortable journey to the holy abode of Lord Shiva. He prayed to Baba Amarnath for peace and blessings for all. A woman who was part of the first group said that it felt very good. We are also happy that we are leaving with the first group. On the issue of security, the devotees said that as long as our army and Prime Minister Modi are here, no one can harm us. We have full faith in our army. One person said, we will give this message to the people that they should come here without any fear. They can come here without any fear. Mahant Rameshwar Das of Purani Mandi Mandir said that people are enthusiastic about the yatra. People are fearless, Bhole's praises are resonating. The government has provided very good facilities for Baba's darshan. This time the yatra will be better than before. Devotees are coming out for the yatra fearlessly. People do not have any kind of fear. He said that today is a befitting reply to those who try to weaken it.

# Supreme Court's historic decision, reservation implemented in direct recruitment and promotion for SC-ST employees



**New Delhi,** In a historic decision, the Supreme Court has approved a formal policy of 15 percent reservation for Scheduled Castes (SC) and 7.5 percent reservation for Scheduled Tribes (ST) category in its direct recruitment and promotion processes. This information was given through an official circular issued to all the employees of the Supreme Court on June 24. This new reservation system has come into effect from June 23, 2025. This important policy change will not apply to Supreme Court judges. Its scope will include various non-judicial posts such as registrar, senior personal assistant, assistant librarian, junior court assistant and chamber attendant. Chief Justice of India (then) Gavai expressed his opinion on this decision and said that when the provision of reservation for SC and ST classes already exists in other government institutions and many High Courts of the country, then why should the Supreme Court be kept out of it? He further said that the Supreme Court has supported positive action in many of its historic decisions, and now as an institution we should implement it here too. Our actions should be in accordance with our principles. In the circular issued regarding the new reservation policy, all the employees and registrars have been informed that the model reservation roster and register has been uploaded on the Supreme Court's internal network 'sshssttdgahl' and it has become effective from June 23. The circular also instructs that if any employee finds any error or deficiency in the roster or register, they should immediately inform the concerned registrar. The model roster details the direct recruitment policy for reserved categories for various designations, such as Senior Personal Assistant, Assistant Librarian, Junior Court Assistant, Junior Court Assistant cum Junior Programmer, Junior Court Attendant and Chamber Attendant (R). As per this policy, 15% of the posts will be reserved for SC category candidates and 7.5% for ST category candidates.

# My successor will be decided by Tibetan traditions and not China, says religious leader Dalai Lama



**New Delhi,** The 14th Dalai Lama Tenzin Gyatso, the supreme spiritual leader of Tibetan Buddhism, has made a big statement about his successor. He has made it clear that after his death, the next Dalai Lama will be chosen according to Tibetan Buddhist traditions, and China will have no role in this process. The Dalai Lama also said that he has handed over the responsibility of identifying and recognizing the successor to his official trust 'Gaden Phodrang Trust'. He released this statement through an official statement. The Dalai Lama also clarified that his institution, i.e. 'Dalai Lama's Institution', will continue in the future as well. He reminded of the promise he made in 2011, when he said that when he reaches close to 90 years of age, he will decide after consultation with Tibetan religious leaders and the public whether to continue this tradition or not. Now as he turns 90 on July 6, 2025, he said that over the past 14 years he has received continuous requests from Tibetan Buddhist leaders, the Tibetan Parliament, the central government (based in Dharamsala), the Himalayan regions, Mongolia, Russia and even within Tibet that the tradition should continue. Taking these requests into account, the Dalai Lama formally announced, I declare that the tradition of the Dalai Lama will continue. The Dalai Lama reiterated that only the 'Gaden Phodrang Trust' will have the right to identify and recognize the next Dalai Lama. Without naming China, he ruled out the possibility of interference and said that no government or institution can interfere in this process. He said that the next Dalai Lama will be selected according to Tibetan tradition, which will include senior lamas and Dharma protectors of Tibetan Buddhist traditions. In his recent book Tibetan Buddhism (March 2025), the Dalai Lama has written that his next birth (reincarnation) will be in India or any other independent country where Tibetan Buddhism can flourish freely. The purpose of reincarnation is to carry forward my work. Therefore the next Dalai Lama will be born in the free world, so that he can become a symbol of Tibetan Buddhism and the aspirations of the Tibetan people. China reacted sharply to this statement of the Dalai Lama. Chinese Foreign Ministry spokesperson Mao Ning said, the Dalai Lama is a political exile who has no right to represent the Tibetan people. The successor will be selected according to the laws and traditions of China. China claims that China has the right to approve the successor under the 'Golden Urn' process started by the Qing dynasty in 1793. China has been hinting that after the death of the Dalai Lama, it can itself declare a new (15th) Dalai Lama, who will be recognised by the world.

# Major security lapse. Air India plane falls 900 feet in air after takeoff, safety chief summoned; both pilots suspended




**New Delhi,** Another serious incident of security has come to light in an Air India flight. A Boeing 777 aircraft flying from Delhi to Vienna came down about 900 feet in the air shortly after takeoff. After this incident, the Directorate General of Civil Aviation (DGCA) has taken strict action and has banned both the pilots from flying till the investigation is completed. What is the whole matter? The incident took place on June 14, when Air India flight 187 took off from Delhi's Indira Gandhi International Airport for Vienna at 2:56 am. According to a Times of India report, the plane suddenly lost its altitude soon after takeoff, which activated the stall (condition of the plane falling) and ground proximity warning systems in the cockpit. During this time, the pilots were repeatedly getting alerts of 'Don't sink'. However, an Air India spokesperson said on Tuesday that the pilots acted immediately and stabilized the aircraft and continued the flight safely despite challenging weather. The plane landed safely in Vienna after a journey of nine hours and eight minutes.

Strict action by DGCA Air India said that DGCA was informed as per rules immediately after receiving the pilot's report. Later, further investigation was started after receiving data from the aircraft recorder. Seeing the seriousness of the matter, DGCA has also started a detailed investigation and has summoned Air India's safety chief for clarification. Questions are constantly being raised on the security of Air India The incident comes at a time when serious questions are being raised over Air India's safety procedures. The incident happened just after the deadly accident in Ahmedabad on June 12 in which an Air India Dreamliner flight bound for London crashed, killing nearly 270 people. Apart from this, a recent safety audit conducted by DGCA has also revealed repeated negligence in the maintenance of Air India's fleet. Investigative agencies are now trying to find out whether bad weather, any technical problem or pilot error was responsible for the Vienna flight incident. After this investigation, major changes can be made in the airline's safety protocol.

# Are young people dying suddenly due to Covid-19 vaccine? The reason came out in AIIMS-ICMR report




**New Delhi,** Dismissing all the rumours going on about the Covid-19 vaccine across the country, the Indian Council of Medical Research (ICMR) and the All India Institute of Medical Sciences (AIIMS) have made it clear in their in-depth investigation that the Covid vaccine has nothing to do with sudden deaths among the youth. The Ministry of Health and Family Welfare has stressed that the vaccine is completely safe and does not pose any risk. The ministry clarified that based on scientific facts, nothing has come to light that holds the vaccine responsible for sudden deaths. Investigations by the WHO and the National Center for Disease Control (NCDC) have also proved that the COVID vaccine being used in India is not only safe but also effective in preventing the disease. The cases of serious side effects are so rare that they can be ignored. Scientists have clearly stated that the reports linking the vaccine to sudden deaths are baseless and wrong.

# Maharashtra: Malvani police seized more than 700 bottles of codeine cough syrup, arrested two





**Mumbai,** The Malvani police seized more than 700 bottles of codeine cough syrup and arrested two persons in Mumbai's Malavani area. The accused have been identified as Naved Abdul Hamid Batatawala (27) and Rizwan Vakil Ansari (29). Codeine cough syrup is not sold without a doctor's prescription. It is widely misused by drug addicts. Abdul Hamid and Ansari have been arrested and a case has been registered against them under the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act. Police said they seized 700 bottles of cough syrup mixed with codeine phosphate, a type of opioid painkiller that is only available through prescription in many countries because it has the highest potential for addiction and abuse. The Malwani police team received specific information and detained 29-year-old Rizwan Ansari and 27-year-old Naved Batatawala near MV Desai Ground on Marve Road in Malad West on Tuesday. Both the accused are residents of Dongri. Sub-inspector Deepak Hinde, under the supervision of DCP Anand Bhoite and Senior Inspector Shailendra Nagarkar, has booked them under the Narcotics Drugs and Psychotropic Substances Act. The bottles were being transported in sacks. Codeine is used for immediate relief from mild to moderate pain. It should be used only on the advice of doctors. Because, when the medicine made from codeine enters the body and is metabolized in the liver, in this process a part of codeine is converted into morphine which plays an important role in reducing pain and cough. Morphine slows down the nervous system and makes the body feel relaxed. But, the risk of getting addicted to it remains much higher.

# Majithia's supporters are being put under house arrest, undeclared emergency in Punjab : Sukhbir Singh Badal




**Mohali,** The issue of arrest of former Punjab minister Bikramjit Singh Majithia is gaining momentum in the state. Shiromani Akali Dal leader Bikramjit Singh Majithia was arrested in the drugs and disproportionate assets case. Akali Dal leader Sukhbir Singh Badal claimed that some leaders who went to Mohali to show solidarity with Majithia have been put under house arrest. He accused the Punjab government of 'imposing an undeclared emergency'. Sukhbir Singh Badal wrote in a post on the social media platform 'X' on Wednesday morning, Bhagwant Mann has imposed an undeclared emergency in Punjab. Akali workers going to Mohali today to express solidarity with Bikram Singh Majithia, who was implicated in a false case by the Aam Aadmi Party government, are being detained in their homes and even stopped by setting up blockades on all major roads. Such repressive actions are a sign of cowardice. The Akali Dal leader further wrote, it is clear that Chief Minister Bhagwant Mann is scared of the outpouring of support for party leader Majithia. I want to make it clear that the Akali Dal and its workers will not be afraid of such repressive actions. Earlier also the Akalis have fought repression through mass movements. Even now, with the support of Punjabis, we will teach a befitting lesson to the corrupt and dictatorial Aam Aadmi Party government. Bikramjit Singh Majithia is to be presented in court on Wednesday. Former minister Majithia was arrested on 26 June, after which he was sent on remand till 2 July. At present, Majithia's remand is ending and he has to appear in court. Meanwhile, Akali Dal leaders were leaving for Mohali to extend their support.